SHRI XAVIER ARAKAL (Ernakulam) : Thank you very much for calling my name. I also welcome this Amendment Bill which is basically centered on two major issues— (1) raising of wage ceiling for coverage of the employees and (2) rate of employees' contribution. Auxiliary to these, six other amendments are also incorporated in this Bill, which is a welcome move. This should have been done a long time back. It should be implemented on the date it is signed by the President. Clause 2 says—' It shall come into force on such date as the Central Government may, by notification in the Official Gazette appoint and different dates may be appointed for different provisions...

etc." I only wish that it is implemented immediately.

Sir, the object of the Bill, of the Act of 19'8 is for (1) sickness, (2) maternity and (3) employment insurance.

At present, there are 63 lakh employees covered, in 486 centres. But the total beneficiaries are around 2.81 crores. It means that this Corporation is doing a great service to the working class as such.

But as far as maternity benefit is concerned, I suggest that it should be restricted especially in the context of the family planning schemes adopted by Government. So I suggest that this area should be utilized by the Corporation only for giving, or rather limiting them to a certain number of times, probably twice. I think the Corporation should take note of this

I happened to go through the Audit Report for 1982-83 which has highlighted many of the problems besieging this Corporation; e.g. tardy inspection, unrealized discretal amount of Rs. 30.99 lakhs and unrealized damages of Rs. 1296.13 lakhs. These are substantial amounts.

As Mr. Lawrence just now mentioned, administration and management of this Corporation and the benefits given by it are all subject matters of discussion among the public, especially its beneficiaries. I would like to know from the Minister what action Government has taken based on the Audit Report for 1982-83, because that is a vital information which will be extremely helpful to the public at large.

A point in the Financial Memorandum says :

"The departmental undertakings under the Central Government are, however, generally exempted from the operation of the Act on the ground that the medical and other benefits available to their employees under the Government rules are more favourable than the benefits available under the Act and they are, therefore, not required to pay any contributions."

In this context, I would like to make an appeal to the Government : the employees of the Rare Earths Ltd., of Udyogamandal at Eloor, Kerala have submitted a memorandum and requested Government to exempt them from this scheme, because as mentioned in the Financial Memorandum, the benefits which otherwise they would have received are much greater, and the services rendered by this Corporation are nominal. They do not cover many of the radio-active illness or sicknesses, whatever you may call them. Of course, in the Third Schedule (Parts A, B and C), you have enumerated certain diseases. But I submit that that does not cover the totality of exposure in that unit. The employees have been demanding exemption from the ESI Scheme. I think it must be taken note of. I hope the Ministry will take a lenient view and give exemption, as requested by the Federation of the Employees Unions of Rare Earths Ltd. at Eloor, Udyogmandal.

SHRI K. A. RAJAN (Trichur) : Has the management agreed to this ?

SHRI XAVIER ARAKAL : Let the Minister say that. Are you not supporting this ?

SHRI K. A. RAJAN : Yes, but I want to know.

SHRI XAVIER ARAKAL : This is what I want to emphasize. Those employees who will otherwise get better benefits under Central or State Government's rules, should be exempted. As the earlier speaker has mentioned, the benefits actually given in the medical dispensaries, hospitals and institution of this Corporation are not commensurate with the contribution which they make, and there are quite a large number of irregularities committed there.

Apart from that, the services which they get from the Corporation are not commensurate with the needs of the employees. Therefore, those categories of employees should be exempted. I hope the Hon. Minister will bring forward, as he mentioned, a comprehensive Bill probably in the next Parliament. I support this Bill.

SHRI K. A. RAJAN (Trichur) : Mr. Deputy Speaker, this major social security is the one which covers our working class as a whole in the country. This scheme has been working for the last so many years. If you go through the working of the scheme you will find that only the employers and the workers are the contributors for the scheme. But there are other social security schemes in other countries. If you go through them you will find that some contribution is also made by the Government. But, unfortunately, this is the only scheme of a major nature covering lakhs of industrial workers where the Centre is not contributing even a single pie.

In strengthening the financial position of this Corporation—Government as a guardian to look after the security of the working class—Government has to take a decision for bringing forward necessary amendment in the statute so that they should also contribute towards that scheme. If you go through various schemes that have been enacted in various other countries, in Europe and other places, you will find that some portion of the contribution is also made by the Government. But, as I mentioned earlier, unfortunately, this is the only scheme where not a single pie has been contributed by the government.

Some Hon. members have pointed out about the financial position of the Corporation. It was far better earlier, as I understand. But, now, it is not so bright because of various reasons.

MR.DEPUTY SPEAKER : Do you want that Government should also contribute in additton to the contribution made by the employer?

SHRI K. A. RAJAN : Yes. Fortunately, the scheme is good in intention, but it has earned a bad name because it would not have been worked out well; if it had worked out well, it would have received the blessings of the workers. If you take an opinion poll among the workers—whether you like to be opted out of the scheme or have a scheme of your own establishment or you want to be in the scheme—you will find that the reply will be in the negative. It is not because of the ESI scheme itself. the real drawback of the scheme is that of the administration of the medical side. According to the Act, it is being run by the State. Every State has to run its administration and they have to share it. The running of the scheme is so bad. ESI has got a General Purposes Committee. It goes around the States to study how far its implementation has taken place, what is the progress of the scheme and how it works. During 1982-83, this committee had visited so many States, Southern States as also 3-4-5 Northern States and submitted a report. The ESI Corporation has gone through its report and has passed it. If you go through the report of the sub-committee you will find that crores and crores of rupees are being spent on building hospitals with all modern equipments and facilities, whether it is in Karnataka or Tamilnadu or, wherever it is, but they are not being utilized for the better treatment of the workers.

There are very beautiful operation theatres, with all modern facilities but all are defunct. There are ambulance vans in those dispensaries and hospitals but because of not appointing drivers the ambulance vans are lying idle. These are all mentioned in the General Purpose sub-committee reports. It is not my story. The Minister knows about it. This is the case with so many items of imported equipment in those hospitals. No one cares to employ people to handle all those things. Even on the Ayurvedic and Homoeopathic side this is the case. What I am trying to say is, you streamline the arrangements on the medical side

There are two or three States in this country which could not even constitute regional boards for the last so many years. I do not want to mention them here, because who is to look after all those things, and who is to see whether it is being implemented on the medical side ? The whole question is, unfortunately, there is no follow up action. The recommendations of the G.P C. have not been implemented, and unless it is done nothing will go on.

One more important point I want to mention, about the administration on the

medical side. In Delhi it is being administered in a particular way. In certain other areas there are panels of doctors and all those things. Unless the ESI corporation has some all-India medical cadre of its own, I think this problem of this medical side cannot be solved. I have seen that in some States no doctor is ready to serve the ESI. In Kerala we made it clear that a doctor should serve at least three years in the ESI, otherwise they will not be entitled to the other benefits and all those things But it is not working. Competent doctors do not go, specialists do not go and renowned doctors do not go. They go elsewhere. They go to medical colleges and other places. In some ESI hospitals there is dearth of doctors, and there are no experienced doctors, if I may put it humbly. What is left to the worker? The worker is now very much concerned with the sick leave benefits. The racket of certificates is there. We know how crores of rupees are spent for the sick leave benefits. I know at least seven cases where medicines were procured from outside and the reimbursement is not made to them so far. There are many-many cases. You can see the reports of the sub-committee which have been submitted. Either there snould be specialists, or the ESI should have an all-India cadre of doctors so that there will be proper doctors and all these things, and also there is also lack of coordination between one hospital and another. If the equipment in a hospital breaks down, the procedure—which is zigzag—is to inform the CPWD or PWD, they do the estimation of cost and all those things, and they take their own time, In the meantime the equipment is lying idle. Unless you take some steps on an all India basis, to have a cadre of doctors, there is not going to be any improvement. The Corporation takes it easy and the workers also take it easy But the workers should not be blamed for all these things. Unless you streamline the administration of the Corporation especially on the medical side, which is now hopelessly bad, nothing is going to happen. So many committees have gone into all these things. A review committee has gone into this.

It has made certain recommendations and the ESI Corporation has also taken those things into consideration and they have also made some recommendations. But whatever measure is to be taken, it should be taken with all earnestness. This is a major scheme. This covers all seasonal and non-seasonal factories, private and public sector employees. So, the workers are very much concerned about this scheme. These are the lacune which we notice in the working of the Scheme.

Regarding the amendments which have been brought these are improvements in the existing scheme. Regarding the ceiling, earlier it was 500, then it was raised to 1000 and now it is proposed to be raised to 1500. This ceiling of 1600 is not only applicable here, but it is applicable in the case of all labour laws like the Wages Act, Gratuity Act, Workmen Compensation Act and all that. I cannot understand the sanctity of this ceiling of 1600. Out of the whole working class in the country in the organised sector, how many workers are there in the bracket of 500-1000, 1000-1500 and 1500-2000? If you see the recent wage agreement reached in the major public sector undertakings you will find that most of the workers would be out of this scheme. In such cases my humble submission is that in case the benefits that are being enjoyed by those workers are better or they are having more facilities or having more amenities than what is being given in ESI, that establishment should be put out of this scheme. There is such a request in so many factories If they have got better facilities than what is being envisaged in ESI, then why should the ESI come and take the burden? Let it go to the weaker sections of the country. These things should also be taken into consideration.

The minimum amount of Rs. 2/- has been raised to Rs. 6/-. It is a very good thing. I welcome this move. On the contributory part of the whole thing also. by this method which has now been adopted, a lot of time and clerical job could be saved. There will be 2.25 per cent contribution from the employee's side and 2.5 per cent from the other side. With all these things I request the Hon. Minister to see that the medical and administrative side of the whole thing should be streamlined. Unless you make an all India cadre of doctors or make some sort of an adjustment in the respective

States with their State cadre or each State should recommend that each doctor should work at least three years in ESI hospital or some such thing, this scheme will not be blessed by the workers. This scheme has been brought for the welfare of the workers. Money is being pumped into this scheme. But unfortunately, the workers are still having bad impression about this scheme. That is why, the workers go to the ESI only for leave certificate, because they do not get other medical facilities there.

With these words, I support the Bill.

श्री गिरधारी लाल व्यास (भीलवाड़ा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं एंप्लाई स्टेट इंशोरेंस अमेंडमेंट बिल का समर्थन करता हूं। जिन भावनाओं को लेकर यह बिल प्रस्तुत किया गया है, वे स्वागत योग्य हैं। आक्यूपेशनल सिकनेस और एक्सीडेंट्स में जो नुकसान होता है, उसके लिए जो कंपसेशन की व्यवस्था की गई है, यह भी स्वागत योग्य है। नान सीजनल फैक्ट्रीज को भी इसमें कवर किया जा रहा है, यह भी स्वागत योग्य कदम है। एक हजार से 1600 तक लिमिट बढ़ाई गई है, यह भी अच्छा कदम है। मैं समझता हूं कि सरकार ज्यों-ज्यों इस स्कीम को बढ़ाएगी त्यों-त्यों मजदूरों को ज्यादा लाभ होगा। एग्जम्शन लिमिट दो रुपए से 6 रुपये प्रतिदिन कर दी गई है, यह भी स्वागत योग्य है। मेरा सुझाव है कि आपने जो मिनिमम वेज तय कर लिया है, उस मिनिमम वेज तक और इस लिमिट को ले जाएं तो ज्यादा बेहतर होगा। इस संबंध में आप आवश्यक कदम उठाएं। आक्यूपेशनल डिसीसेज के संबंध में भी प्रावधान किया गया है। अगर इसकी वजह से मजदूर बीमार होता है तो उसको भी इससे कंपसेशन मिलता है। इससे मजदूर को बहुत बड़ा लाभ होता है। कुछ आइटम्स इसमें रह गई हैं, उनको भी आपको देखने की जरूरत है और उनके संबंध में विचार करने की जरूरत है। बाकी सुझाव मैं बाद में दूंगा। पहले इसके संबंध में निवेदन करना चाहता हूं।

स्टेट एंश्योरेंस कांट्रीब्यूशन स्कीम जो है, वह आप किस तरह से लागू कर रहे हैं। इसको लागू करने की क्या व्यवस्था हो रही है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि जो स्टेट एंप्लाएज इंश्योरेंस में जो फैक्ट्रीज कवर होती हैं, उन फैक्ट्रीज के मजदूरों की तरफ से जो कांट्रीब्यूशन काटा जाता है, उसके बारे में भी आपने जिक्र किया है। एंप्लायर की तरफ से 5 परसेंट और एंप्लाई की तरफ से 2.25 परसेंट दिया जाएगा। यह कांट्रीब्यूशन जमा भी होता है या नहीं ? इस व्यवस्था को ठीक तरह से लागू नहीं किया जा रहा है। बहुत-सी जगह मजदूर के कांट्रीब्यूशन को भी जमा नहीं कराया जाता है। हमारे यहां मेवाड़ टैक्सटाइल मिल भीलवाड़ा में 8-10 लाख रुपया जमा नहीं कराया है। उनके खिलाफ आप कोई कार्यवाही नहीं करते हैं। अपना कांट्रीब्यूशन भी उन्होंने जमा नहीं किया है और मजदूर का जो कांट्रीब्यूशन लिया, उसको भी खा गए हैं। हालांकि 100 परसेंट पेनल्टी का प्रावधान है लेकिन पेनल्टी तो दूर आपने तो उनसे मूल राशि भी वसूल नहीं की है। मेरा निवेदन है कि आप इस बारे में सख्त-से-सख्त कार्यवाही करें ताकि भविष्य में इस प्रकार की बेईमानी का अवसर न मिले। इसका एक नुकसान यह भी होता है कि मजदूर जब ई.एस.आई. की डिस्पेंसरी में इलाज के लिए जाता है तो उसका इलाज यह कहकर नहीं किया जाता कि तुम्हारी फैक्ट्री की तरफ से कांट्रीब्यूशन नहीं आया है। इसलिए इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।

इसी प्रकार सिक इंडस्ट्रीज के जो मजदूर बेकार हो रहे हैं, उनके बारे में भी इसमें कोई व्यवस्था नहीं की गई है। बेईमानी से जिन इंडस्ट्रीज को सिक कर दिया जाता है और इंडस्ट्रीज बंद होती हैं, उनके लिए भी निश्चित तरीके से कोई-न-कोई प्रावधान किया जाना चाहिए जिससे मजदूरों को फायदा मिल सके।

दूसरा आप कांट्रीब्यूशन जमा करने के लिए जो नोटिस भेजते हैं, उसका भी कोई असर नहीं होता है। इसकी वजह से मजदूरों का नुकसान होता है और डिस्पेंसरी की सुविधा भी उसको नहीं मिल पाती है।

इस तरीके से मजदूर परेशान हैं क्योंकि उनको दवाइयां उपलब्ध नहीं हो रही हैं। कंपन्सेशन और छुट्टियां भी उनको नहीं मिलती हैं। इसलिए ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए जिससे सारी सहूलियतें उनको उपलब्ध हो सकें। श्री राजन ने भी अभी कहा कि अस्पताल में डाक्टर्स उपलब्ध नहीं होते। उनको प्राईवेट प्रैक्टिस करने की इजाजत नहीं दी जाती है और वेतन भी थोड़ा मिलता है। इसलिए वे अस्पताल में जाने की कोशिश नहीं करते हैं और जो चले जाते हैं, वे अपना कर्त्तव्य नहीं समझते। हर मजदूर के साथ झगड़ा करने की कोशिश करते हैं। उनकी नीयत मजदूरों को परेशान करने की रहती है।

MR. DEPUTY SPEAKER: As a Member of Parliament, have you visited any ESI Hospital?

श्री गिरधारी लाल व्यास : मैं तो अपने क्षेत्र में मजदूर संगठन का अध्यक्ष हूं। इसलिए मेरा रोजमर्रा का उनके साथ ताल्लुक पड़ता है। मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि डिस्पेंसरीज में डाक्टर्स और नर्सेस की व्यवस्था ठीक नहीं है।

MR. DEPUTY SPEAKER: The labour are doing their work well and only the doctors are not doing their work well?

श्री गिरधारी लाल व्यास : दवाइयां एवेलेबल नहीं होती हैं। दो-दो चार-चार मील की दूरी से मजदूरों को आना पड़ता है। मरीजों को लाने-ले-जाने के लिए एम्बुलेंस भी उपलब्ध नहीं हैं जबकि आपके पास करोड़ों रुपया पड़ा हुआ है। उस पैसे को ज्यादा-से-ज्यादा खर्च करना चाहिए ताकि जो सुविधाएं आप दे सकते हैं, वह उनको मिल सकें। बहुत-सी ऐसी बीमारियां हैं जिनका ई.एस.आई.सी. की डिस्पेंसरीज में इलाज नहीं हो सकता। वे लोग हास्पिटल्स के लिए रैफर कर देते हैं। हास्पिटल वाले कीमती दवाई लिखा देते हैं। ये दवाइयां भी डिस्पेंसरी में उपलब्ध नहीं होती हैं। मजदूरों को कहा जाता है कि बाजार से खरीद लो। जिसके पास पैसा नहीं है, उसको बाजार से दवाई खरीदनी पड़ती है। उसके बाद उसका पेमेन्ट दो-दो साल तक नहीं होता है। इसलिए इस व्यवस्था को माकूल करना चाहिए। टी.बी. जैसी बीमारी के लिए खूराक और दवाई के लिए काफी खर्चा करना पड़ता है। बाजार से दवाइयां लेनी पड़ती हैं, जिनका पेमेन्ट उनको नहीं होता है। सैक्शन-6 के अन्दर आपने कानून में प्रावधान किया है। उसको मैं आपको पढ़कर सुना देता हूं।

Section 47 says:

> "A person shall be qualified to claim sickness benefit for sickness occuring during any benefit period if the contribution in respect of him were payable for no less than half the number of days of the corresponding contribution period."

इस प्रकार के मामले हैं, जिसमें कांट्रीब्यूशन ही आपके पास जमा नहीं हुआ हो। जो इंडस्ट्रीज आपके पास जमा नहीं कराती हैं, ऐसी हालत में इन लोगों को कहां से पैसा उपलब्ध होगा? सैक्शन-7 के सब-सैक्शन-ए में मैटरनिटी बेनिफिट की बात कही गई है। जब कांट्रीब्यूशन जमा नहीं होता है तो मैटरनिटी बेनिफिट कहां से मिलेगा? इस मामले में आपको अपने विभाग को सख्ती से काम करने के लिए आदेश देने पड़ेंगे। पूंजीपतियों का लिहाज रखने से व्यवस्था ठीक नहीं हो पायेगी। उसका नुकसान

ही होगा और उससे बहुत बड़ा नुकसान होगा ।

अब मैं आपसे आक्यूपेशनल डिसीजिज के बारे में थोड़ा-सा निवेदन करना चाहता हूं। इसमें दो-तीन खास चीजों का समावेश नहीं किया गया है और मैं चाहता हूं कि आप उनको भी इसमें समाविष्ट करें। हमारे यहां माइका की इंडस्ट्री है, माइका की फैक्टरी भी है और खानें भी हैं, परन्तु इस बिल में फैक्ट्रीज तो कवर हो जाती हैं परन्तु माइका की खानें कवर नहीं होतीं। उनके कारण जो आक्यूपेशनल डिसीजिज होती हैं, उसके सम्बन्ध में आपने इस बिल में कोई प्रावधान नहीं किया। वहां मजदूरों को टी बी या दूसरी इसी किस्म की कई बीमारियां हो जाती हैं। उनकी रोक-थाम के लिए इस बिल में व्यवस्था का होना बहुत जरूरी है। इसी तरह से सौफ्ट स्टोन को भी आपने इस बिल में शामिल नहीं किया है। सौफ्ट स्टोन फैक्ट्रीज में भी जब मजदूर पावडर आदि बनाते हैं तो उसके धूल आदि उड़ने के कारण उनमें आक्यूपेशनल डिसीजिज पैदा हो जाती हैं। माइका और सौफ्ट स्टोन निकालने का काम हमारे यहां बहुत बड़ी मात्रा में होता है। परन्तु उनको आपने आक्यूपेशनल डिसीजिज में नहीं लिया। कम-से-कम मेरे जिले में 20-25 हजार मजदूर इनके अंदर काम करते हैं। इसलिए आपको इसे भी इस बिल की परिधि में कवर करना चाहिए ताकि वहां पर भी व्यवस्था ठीक प्रकार से हो सके।

एक मेरा सुझाव और है, आपने इस बिल को फैक्ट्रीज के ऊपर तो लागू कर दिया, परन्तु माइन्स में भी इसी प्रकार की व्यवस्था लागू होनी चाहिए। उन खानों में काम करने वाले बेचारे गरीब मजदूरों को किसी जगह भी इन्क्लूड नहीं किया गया है। मैं चाहता हूं कि माइन्स के लिए भी इसी तरह की व्यवस्था होनी चाहिए। खानों के लिए आपने एम्पलाईज स्टेट इन्श्योरेंस स्कीम लागू नहीं की है। इसलिए मेरा सुझाव है कि माइन्स में भी इस स्कीम को लागू किया जाना चाहिए ताकि उन मजदूरों को भी इस स्कीम का लाभ मिल सके और वे तमाम सुविधाएं उनको भी उपलब्ध हो सकें जो फैक्ट्रीज में काम करने वाले मजदूरों को उपलब्ध हैं। मेरे जिले में माइका की माइन्स हैं, सौफ्ट स्टोन की माइन्स हैं, एस्बैस्टोज की खानें हैं, खड़िया की खानें हैं, सैंड स्टोन, जिंक की माइन्स हैं, संगमरमर की खानें हैं और अन्य कई प्रकार की खानें हैं। इन माइन्स में हजारों की संख्या में मजदूर काम करते हैं। सिर्फ मेरे जिले में ही इनकी संख्या 50 हजार से अधिक है। लेकिन इतने बड़े चंक को आपने बिल्कुल छोड़ रखा है। उनके बेनिफिट के लिए आपने इस बिल में कोई प्रावधान नहीं रखा है। इसलिए मेरा निवेदन है कि मंत्री महोदय, आप उनके लिए भी इसमें कुछ व्यवस्था करवाइये, जिससे इन मजदूरों को भी इस स्कीम का लाभ मिल सके।

मैं चाहता हूं कि आप इस स्कीम को अच्छी तरह से चलाईये। आपने स्टेट गवर्नमेंट्स के ऊपर इनकी इम्पलीमेंटेशन का कार्य सौंप रखा है। लेकिन वे उसकी व्यवस्था ठीक से नहीं चला पा रही हैं। न समय पर वहां दवाइयां पहुंचती हैं, न पैसा पहुंचता है और न वहां डाक्टर उपलब्ध होते हैं। इसलिए मेरा सुझाव है कि आप इस व्यवस्था को आल इण्डिया लेवल पर कैडर बनाकर चलायें, आल इण्डिया लेवल पर अपनी व्यवस्था बनाइये ताकि उसके जरिए से स्कीम को सही तरीके से इम्पलीमेंट किया जा सके। यदि आपने इस स्कीम को स्टेट गवर्नमेंटस के पास ही रखना है तो इसके लिए वहां अलग डिपार्टमेंट कायम किया जाना चाहिए ताकि वह इसको सही रूप से चला सकें। इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

श्री राजेश कुमार सिंह (फिरोज़ाबाद) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, जिस उद्देश्य को लेकर यह बिल इस सदन में पेश किया गया है, मैं उसका स्वागत करता हूं। लेकिन एक प्रश्न जरूर है कि सरकार बहुत दिनों के बाद कभी-कभी होश में आती है, सोते से जागती है और फिर कुछ अमेंडमेंटस लेकर आती है। एकबारगी में ही सारा काम नहीं करती है, कुछ अमेंडमेंटस लेकर एक बार आती है तो उसके बाद फिर कुछ समय बाद, जब श्रमिकों की चिन्ता हुई या इलैक्शन्स के दिन नजदीक आये तो कुछ दूसरे अमेंडमेंटस लेकर आती है। लेकिन इस बिल की मंशा सही है।

मान्यवर, आप अच्छी तरह से जानते हैं क्योंकि आप भी ट्रेड यूनियन नेता हैं कि यूरोप के अंदर सोश्यल सीक्यूरिटी जैसी बहुत बड़ी व्यवस्था बनी हुई है। वहां की सरकार इस पर काफी पैसा खर्च करती है। लेकिन हम जानते हैं कि हमारी अर्थ-व्यवस्था उतनी अच्छी नहीं है कि हम लोगों को सोश्यल सीक्यूरिटी की गारंटी दे सकें। वहां किसी भी बूढ़े आदमी को इस बात की कोई चिन्ता नहीं होती कि उसका बुढ़ापा कैसे कटेगा। कोई-न-कोई उसकी व्यवस्था बन जाती है। लेकिन हमारे यहां मजदूर ऐसी परिस्थितियों में काम करते हैं, कुछ तो फैक्टरियों में काम करते हैं, कुछ खानों में काम करते हैं, जहां कई तरह की आक्यूपेशनल डिसीज हो जाती हैं। फिर आपकी चिकित्सा व्यवस्था भी बड़ी विचित्र है। जैसा अभी माननीय राजन साहब कह रहे थे, मैं उससे पूरी तरह सहमत हूं। यदि आप किसी ई.एस.आई. की डिस्पैंसरी में जाकर देखें तो वहां बड़ी भारी दुर्व्यवस्था आपको मिलेगी। कहीं डाक्टर नहीं हैं तो कहीं दवाई नहीं है। परन्तु उसको ठीक करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है, कोई कार्यवाही नहीं की जाती। जब तक इन कमियों को दूर नहीं किया जाएगा, इन डिस्पैंसरियों की व्यवस्था में सुधार नहीं आ पाएगा। मैं चाहता हूं कि सरकार को कोई ऐसा कानून बनाना चाहिए ताकि आपका सीधा सुपरवीजन उन पर बने। सिर्फ राज्यों के ऊपर छोड़ देने से व्यवस्था ठीक नहीं चल सकती। यदि आप सही मायनों में चाहते हैं कि इनकी व्यवस्था ठीक हो तो आपको कोई ऐसा कानून बनाना पड़ेगा जिसके परव्यू में आकर वे अपने कर्त्तव्य के प्रति वफादार बने रहें।

अन्त में मैं एक-दो सुझाव देता हूं। एक तो सरकार को इस योजना के अन्दर अपना कांट्रीब्यूशन करना चाहिए ताकि सुचारू रूप से इसका संचालन हो सके। दूसरे जहां तक कांट्रीब्यूशन की बात है, जैसा व्यास जी ने कहा कि मान लीजिए किसी फैक्ट्री मालिक ने अपना कांट्रीब्यूशन नहीं दिया तो अभी कानून में यह है कि यदि एक सर्टेन पीरियड मे रकम जमा नहीं की गई तो आप मालिक पर पैनल्टी लगा देंगे। मेरा कहना है कि मोनीटरी क्षति पहुंचाकर आप मालिकों को काबू नहीं कर पायेंगे। उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की बात सोचनी चाहिये।

हमारे यहां बहुत सी छोटी-बड़ी फैक्ट्रीज हैं उनके दवाखानों की हालत यह है कि मालिक और उनमें मिलकर वहां की ऐसी व्यवस्था चलती है जिससे मजदूर परेशान हो जाता है और दवाखानों का काम केवल मैडिकल सर्टिफिकेट देना रह गया है मजदूर को, और इसमें भी भ्रष्टाचार है। इसको आपको रोकना चाहिए तभी स्कीम का लाभ मजदूरों को मिल पायेगा, अन्यथा नहीं। जो व्यवस्था इस वक्त है उससे आप अपना मकसद अचीव नहीं कर सकेंगे। यदि इस योजना का लाभ मजदूरों को पहुंचाना है तो इसका इम्प्लीमेंटेशन सही तरीके से हो, तभी काम बनेगा। बस मुझे यही निवेदन करना है।

श्री मूल चन्द डागा (पाली) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस बिल का समर्थन करता हूं। 16 जुलाई, 1984 को मंत्री जी ने कन्सल्टेटिव कमेटी की मीटिंग में जो कहा है वह मैं पढ़कर सुनाना चाहता हूं :

> "Comprehensive amendments to the Workmen's Compensation Act as well as ESI Act are being finalised and the relevant Bills are expected to be introduced soon in this Parliament."

Giving this information to the members of the Consultative Committee attached to his Ministry, the Union Minister of Labour Shri Veerendra Patil said that the amended Act of gratuity and mines have already been enforced.

In connection with the amendment to the ESI Act the Minister said that there were proposals to increase the representation of workers and employers from the present limit of 5 to 10, providing medical care to the premature retired persons due to permanent disability till actual age of retirement and preventing establisments to opt out of the scheme.

यह बात आपने कन्सल्टेटिव कमेटी की मीटिंग में कही। और आज जो बिल ला रहे हैं, इस सैशन में जो आप बिल यह ला रहे हैं, इसके बाद क्या दूसरा बिल आ पायेगा ? आपने एश्योरेंस दिया था। कंसल्टेटिव कमेटी के सामने कि इस सदन में जो बिल आयेगा उसमें यह बातें होंगी, और वह मैं आपके सामने पेश कर रहा हूं। लेकिन वह बातें इसमें नहीं हैं। जो भी चीजें आप अभी लाये है, ठीक है। लेकिन इसमें वह चीजें मौजूद नहीं हैं जो कि होनी चाहिये।

इस एक्ट के लाभ क्या क्या हैं ?

These are:— (1) Sickness benefit (2) Disablement benefit (3) Dependence benefit (4) Maternity benefit (5) Funeral benefit.

लेकिन कितने लोग जानते हैं इसको ? सबसे बड़ा सवाल यह है एक स्टडी टीम ने इसको रिव्यू किया, उन्होंने यह बताया कि लोग केवल दो बातें जानते हैं अभी...

इन चीजों को आप नहीं जानते। कुछ लोग तो इग्नोरेंट हैं कि हमें यह मदद मिलती है।

This is "Working of the Employees" Insurance Scheme in Delhi, Ghaziabad and Faridabad Regions." An evaluation report on this has been published recently. The report says that those who do not know these benefits are 19.63 per cent. Those who know only two benefits are 33.64 per cent.

आज पहला सवाल यह है कि आपकी इस स्कीम को जानने वाले कौन हैं ? जब तक आप इसे सरल भाषा में, जिस प्रांत से आप आये हैं, उस भाषा में, अलग-अलग भाषाओं में इसका अनुवाद कराकर मजदूरों में नहीं बंटवाएंगे, प्रचार नहीं करवाएंगे तब तक लोग इसका लाभ नहीं उठा सकते। लोगों को मालूम नहीं है कि यह स्कीम है और इससे ये-ये लाभ हैं। यह बात लेबर लीडर्स को भी मालूम नहीं है।

It is regarding the knowledge of benefit where the IPs and respondents were asked to indicate how many benefits they know that are offered to them. They said, only one.

मैनी आफ दैम की जब आप बात कर रहे हैं, मजदूरों को मालूम ही नहीं है कि परसेंटेज में क्या-क्या लाभ इस स्कीम के अन्तर्गत मिलने चाहियें और क्या-क्या उनके हक हैं। मैं दरख्वास्त करूंगा कि आप इन बातों को प्रांतीय भाषाओं में ट्रांस्लेशन करा के वर्कर्स में इस स्कीम को बांटें तब वह लाभान्वित होंगे।

एक सवाल यह आता है कि लोगों की क्या राय है इसके पीछे ?

3/4th of the IPs were satisfied from the benefits offered under the Scheme. About 50 per cent IPs were not satisfied with the doctors' treatment and only 1/3rd of IPs were satisfied from the food and assistance given to them in E.S.I. Hospitals. IPs said, they were not satisfied from the benefits.

14.03 hrs.

[SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI *in the Chair.*]

आज न तो डाक्टरों से उनको लाभ है और न खाना मिलता है। ई. एस. आई. के हस्पतालों में डाक्टर्स की सर्विसेज कितनी पूअर हैं, यह इवैल्यूएशन रिपोर्ट में आपके आंकड़े हैं।

मैं तो मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वह एक बार मेरे क्षेत्र पाली में चलें, वहां बहुत बड़ा मिल है और बहुत से मजदूर हैं। आपने एलान किया है कि गांव में जो अन-आर्गेनाइज्ड लेबर है उसके लिए भी आप लागू करेंगे। आप अन-आर्गेनाइज्ड लेबर की बात करते हैं, आर्गेनाइज्ड के लिए ही आप नहीं कर पाते हैं। हमारे वहां तो यह हालत है कि उड़ीसा के डाक्टरों को यहां पर लगा रखा है जो कि वहां पर काम नहीं कर सकते हैं। तो यहां पर मन लगाकर काम करने का सवाल नहीं है।

जैसा बताया गया है कि वहां 17 परसैंट दवाएं एवेलेबल हैं। ज़ब दवाइयां नहीं हैं तो जो स्कीम आप चलाते हैं, यह क्या पेपर पर है? इस तरह की स्कीम किस काम के लिए है? न दवाएं हैं, न डाक्टरों का ट्रीटमेंट है तो इस स्कीम का लोगों को कहां क्या लाभ होता है?

इस स्कीम का उद्देश्य ही लाभ पहुंचाना है। इससे पांच बेनिफिट्स उठाए जा सकते हैं: सिकनेस बेनिफिट, डिसएबलमेंट बेनिफिट, डिपेंडेंट्स बेनिफिट, मेटर्निटी बेनिफिट और फ्यूनरल बेनिफिट, मगर लोगों को इनमें से एक या दो बेनिफिट्स का ही पता है।

यह भी बताया गया है कि दादा लोग, गुंडा एलिमेंट्स, ई. एस. आई. के डाक्टरों पर हावी हो जाते हैं, डाक्टर लोग उनसे डरते हैं और वही सब लाभ उठाते हैं। यह भी कहा गया है कि कुछ लोग डाक्टरों की सहायता से सिकनेस के आधार पर ज्यादा छुट्टी लेते हैं।

श्री राम प्यारे पनिका : डाक्टर पैसा लेकर सर्टिफिकेट देते हैं।

श्री मूल चन्द डागा : इसका मतलब है कि उत्तर प्रदेश में काफी तरक्की हुई है। गरीब लोग क्यू में खड़े रहते हैं और दादा लोग सारा फायदा उठाते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि ई. एस. आई. की व्यवस्था बहुत खराब है। मंत्री महोदय को इन सारी बातों का पता होगा। उन्होंने जगह-जगह कहा है कि इस स्कीम का विस्तार किया जाएगा, ताकि अधिक-से-अधिक लोगों को इसका लाभ हो। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि मिसयूज को रोकने के लिए ई. एस. आई. के बेनिफिट्स में कमी की जाएगी।

जहां तक इस बिल का सम्बन्ध है, यह बिल्कुल ठीक है। मंत्री महोदय ने आश्वासन दिया है कि वह इस बारे में एक काम्प्रिहेंसिव बिल लाएंगे। इसलिए उन्हें एक काम्प्रिहेंसिव बिल लाना चाहिए और इस स्कीम को माईन्स वगैरह सब जगह लागू करना चाहिए।

*SHRI ERA MOHAN (Coimbatore) : Mr. Chairman, Sir, on behalf of my party the Dravida Munnetra Kazhagm, I rise to make a few suggestions on the Employees

---

*The original speech was delivered in Tamil.

State Insurance (Amendment) Bill which has been introduced by my Hon. friend, the Minister of State for Labour.

This is an innocuous piece of legislation without any controversial provisions for any heated discussion. The Hon. Members who preceded me were unanimous in the view-point that a comprehensive amendment to the parent Act should have been brought by the Minister of Labour and I share this view point. But I should not hesitate to commend the amending bill which seeks to do some good to the working class.

The Employees State Insurance scheme is benefiting nearly 2.6 crore people and it is being implemented in 486 centres. 163 lakhs of workers have been brought under the umbrage of this scheme. Through this amendment the Government is enhancing the monthly wage limit of Rs. 1000 to Rs. 1600 in order to ensure that more number of workers are enabled to derive benefit from this scheme. This is to be welcomed. At the same time, we have to bear in mind the prevailing value of money. This decision to enhance the monthly wage limit from Rs. 1000 to Rs. 1600 must have been taken a year or two ago. This was in conformity with the then value of money. This enhancement should reflect the present value of our currency. Then only some real benefit will accrue to the working class. I humbly submit that this monthly wage limit should be increased to Rs 2000/-. I am sure that our Hon. Minister of Labour, given to pragmatic approach to the labour problems, will do the needful in this matter.

There is a provision in this Bill through which the percentage system for workers' contribution and the employers' contribution has been introduced. I welcome this. The employers will contribute 5%, while the workers will contribute 2.5%. A little while ago in his intervention the Hon Minister of Labour stated that those who get Rs. 6 as daily wage need not pay their contribution of 2.5%. This will no doubt help the workers greatly. But I am keen to know the basis on which this basis of Rs. 6 has been arrived at. I personally feel that this also needs enhancement. I request the Hon. Minister to look into this and raise this amount of Rs. 6/-.

As I stated just now, there is reference to the employers' contribution and also to the employees' contribution. But there is no reference to the Government's contribution to the ESI Insurance scheme. If the Government wants to expand the ESI scheme for the benefit of workers throughout the length and breadth of the country, then the Government should also contribute something for the success of this scheme. I want the Hon. Minister of Labour to announce Government's contribution to ESI scheme at the time of his reply to the debate.

About the need for a comprehensive amending bill, I have to draw the attention of the House that the Government constituted the Hoshing Committee, which has given its report. Similarly, the ESI Corporation set up a Sub committee to study the problems confronting the organisation and that Sub committee has also submitted its report. But the recommendations of these two bodies have not been given legislative sanction. What is the use of constituting a committee, spending money on it and shelving its report for ever ? It is a Government's Committee, yet the recommendations have not seen the light of the day. I cannot appreciate the inordinate delay in formulating legislative proposals incorporating these recommendations. Who is after all Mr. Hoshing ? He is a representative of INTUC, the labour wing of the ruling party at the Centre. I want that soon a comprehensive legislation incorporating the recommendations of Hoshing Committee and the Subcommittee of ESI Corporation should be got passed by the Government.

I am happy that the list of occupational hazards has been widened and made broad-based. This will consequently help more workers. If the Hon. Minister of Labour initiates endeavours for widespread implementation of ESI scheme, he will definitely meet with success. The working of ESI

hospitals should be made more purposeful and effective. We have huge ESI hospitals with sophisticated and modern equipment. The medicines are also supplied by the Government. Yet their working is not satisfactory. If a machine breaks down, for months together nobody attends to it. If there is something wrong in the Operation Theatre, it not used for months together. This prevents the workers from getting the maximum benefit from these ESI hospitals. I suggest that competent and qualified Doctors should be appointed and the working of ESI hospitals should be thoroughly reorganised. Before I conclude, I would like to appeal to the Hon. Minister of Labour that such labour welfare measures should be got enacted for the good of working class by our Minister of Labour, Shri Veerendra Patil. With these words I conclude my speech.

श्री राम प्यारे पनिका (राबर्ट्सगंज) : सभापति महोदय, माननीय श्रम मंत्री जी द्वारा इस सदन में जो कर्मचारी राज्य बीमा (संशोधन) विधेयक, 1984 प्रस्तुत किया गया है और जिसको राज्य सभा ने पहले ही पास कर दिया है उसका मैं समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। यह बात सही है कि जिन उद्देश्यों से यह बिल प्रस्तुत किया गया है उससे सभी लोगों ने—चाहे विरोध पक्ष के माननीय सदस्य हों या सरकारी पक्ष के—सहमति व्यक्त की है। हमारे श्रम मंत्री सन् 1980 के बाद इस सदन में कई संशोधन बिल लाए हैं जिनसे खुशी हुई है और इस बिल को प्रस्तुत करते समय तो श्रम मंत्री ने कहा कि वे एक बहुत विस्तृत काम्प्रिहेंसिव बिल लाने जा रहे हैं। यह हमारी सरकार की नीतियों का ही प्रदर्शन है। यदि आप विश्लेषण करें तो पायेंगे कि 1980 के बाद देश में श्रम तथा औद्योगिक सम्बन्धों में काफी सुधार हुआ है और मैनडेज का जो नुकसान हुआ है, हड़तालों की वजह से या लेबर अनरेस्ट की वजह से, उनमें भी निश्चित तरीके से कम्परेटिवली कमी आई है, हालांकि विभिन्न अवसरों पर हमारे उधर बैठने वाले भाइयों ने, जोकि औद्योगिक अशांति में विश्वास करते हैं, उन्होंने कई बार आल इंडिया स्तर की हड़तालों का काल दिया।

हमारी श्रम हितकारी नीतियों का ही यह परिणाम है कि हम सफल होते रहे हैं। हमारे उत्पादन में निश्चित तौर से वृद्धि हुई है।

मैं दो-तीन बातों का और उल्लेख करना चाहता हूं। यह बात सही है, हमारी जरूरतों को पूरा करने के लिए श्रम मंत्रालय कारगर कदम उठा रहा है। जहां तक अस्पतालों का सवाल है, चाहे इधर के बोलने वाले हों या उधर के बोलने वाले हों, ई.एस.आई. डिस्पेंसरीज में जो दवायें उपलब्ध होनी चाहिए, वह नहीं हैं। जिस तरह से ट्रिटमेंट की सुविधाएं होनी चाहिएं, वह नहीं हैं। कहीं-कहीं पर तो एम्बूलैंस तक नहीं हैं। सबसे बड़ी कठिनाई तो यह है कि आपने डाक्टरों की अस्पतालों में व्यवस्था स्टेट में गवर्नमेंट्स को दे दी है। हमारा क्षेत्र इन्डस्ट्रियल बैल्ट होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश में दो-तीन सुपर थर्मल पावर स्टेशन्स हैं—सिंगरौली, रिहन्द और उनपरा आदि। तीन सीमेंट फैक्ट्रीज—चुनार, चुरक व डाला आदि हैं। जब हम यह देखते हैं कि माननीय श्रम मंत्री जी चाहते हैं और श्रम मंत्रालय चाहता है तो सारी सुविधायें मौके पर क्यों उपलब्ध नहीं होती हैं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि दो साल पहले माननीय श्रम मंत्री जी ने हम लोगों के निवेदन पर मेरे निर्वाचन क्षेत्र रेनुकोट में ई.एस.आई. अस्पताल का शिलान्यास किया। उस वक्त हम लोगों ने कहा कि इसको कम-से-कम साल भर के अन्दर बना दीजिए। तो वहां पर स्वास्थ्य मंत्री जी ने कहा कि इसको इतनी देर में नहीं हम जल्दी बना रहे हैं। लेकिन आपको जानकर आश्चर्य होगा कि उस अस्पताल की आज तक नींव तक नहीं डाली गई है। इसलिए मेरा सुझाव है कि

ई.एस.आई. अस्पताल वगैरह की सारी सुविधा आपको अपने हाथ में ले लेनी चाहिए। यदि आवश्यक पड़े तो इंजीनियरिंग स्टाफ, बिल्डिंग कन्स्ट्रक्शन स्टाफ सब अपने यहां अलग से रख लें। यदि स्टेट गवर्नमेंट के लोग, वहां का पी.डब्ल्यू.डी. का विभाग, निर्माण विभाग हमारी आशाओं के अनुरूप काम नहीं करते हैं, तो कोई जरूरत उनसे कहने की नहीं है। मैं मांग करता हूं कि स्टेट गवर्नमेंट को सख्ती के साथ लिखें कि वह जल्दी-से-जल्दी उन अस्पतालों का निर्माण कराए। वहां पर इस तरह की परिस्थिति होने से बहुत असंतोष है।

मान्यवर, अभी जो लेबर समझौता हुआ है. उसमें 1600 रुपये से अधिक की सीमा नहीं रखी गई है। हम यह आशा रखते हैं कि काम्प्रिहेंसिव बिल आ रहा है, उसमें इस सीमा को बढ़ायेंगे। आपको इस सुविधा को नीचे के तबके तक ले जाना चाहिए। जैसे ईंट-भट्टे में काम करने वाले मजदूर, एग्रो-लेबर, इन तक आपको इस सुविधा का लाभ पहुंचाना चाहिए। अनआर्गेनाइजड लेबर में काफी असंतोष है। जो आर्गेनाइजड लेबर है, वह तो वोकल होती है। अनआर्गेनाइजड लेबर के लिए आपने तमाम एक्ट्स बनाए हैं और उनको आप कार्यान्वित करने जा रहे हैं। बिचौलिए जो बेचारे देहातों में काम करते हैं, चाहे इधर के बैठने वाले हों या उधर के बैठने वाले हों हम लोग नेता हो गए हैं। इसलिए हमारी मांग है कि जो अमूक है, जो बोल नहीं सकता है, जिनमें नेतृत्व का अभाव है, उनके लिए आपको कदम उठाना चाहिए। बड़ी खुशी की बात है कि आप व्यावसायिक बीमारियों के लिए पहली बार व्यवस्था करने जा रहे हैं। हमारे यहां पर सीमेंट फैक्ट्री, एल्यूमिनियम फैक्ट्री है, जहां पर टी.बी. की शिकायत रहती है, आप वहां पर क्यों टी.बी. का क्लीनिक नहीं खोलते हैं। होता क्या है, जब वह बीमारी होती है तो लोगों को दूसरी जगह रेफर कर दिया जाता है, जिससे उनको बहुत कठिनाई होती है। इसलिये हम चाहते हैं कि टी.बी. के लिये भी अलग से क्लिनिक की व्यवस्था की जाय।

हमारे यहां कई तरह की माइन्ज हैं। जैसे लाइम-स्टोन की माइन्स है, उसमें जो मजदूर काम करते हैं वे इन सुविधाओं से वंचित हैं, उनको भी इसमें शामिल करना चाहिये। हमारे यहां कुछ इण्डस्ट्रीज़ हैं, जैसे रिहन्द पावर हाउस है, वहां के लोगों ने मांग की है कि हम को इन सुविधाओं से अलग किया जाय, इसलिये कि ई.एस.आई. के दवाखानों में उनको समय से दवा नहीं मिलती है तथा अन्य सुविधायें भी नहीं मिल पाती हैं। जो उत्पादन वाली फैक्ट्रीज हैं, चाहे वे प्राइवेट सेक्टर में हों या पब्लिक सैक्टर में हों, उनके बारे में हमको कई शिकायतें मिली हैं। अभी डागा जी भी इसका उल्लेख कर रहे थे—वहां डाक्टर मजदूरों से मिल जाते हैं और शादी-ब्याह के मौके पर झूठे मैडिकल सर्टिफिकेट दे देते हैं। अभी जैसा सुझाव दिया गया है, मैं भी उससे सहमत हूं कि वहाँ सी.एम.ओ. के कैडर के अफसर से काउन्टर सिगनेचर करवाना अनिवार्य हो ताकि झूठे सर्टिफिकेट देने वाले डाक्टरों पर अंकुश लग सके। कई जगहों पर जहां प्राइवेट इण्डस्ट्रीज होती हैं, वहां डाक्टर्स यह कोशिश करते है कि हम उसी जगह पर बने रहें, चूंकि वहां पैसा चलता है और हजारों की आमदनी डाक्टरों को अलग से होती है, इसलिये वे वहां से जाना नहीं चाहते।

इन सब बातों की ओर आपका ध्यान दिलाते हुए मैं मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि आप जो काम्प्रीहैन्सिव बिल ला रहे हैं उसमें इन सारी कमियों को दूर करें और अस्पतालों की संख्या को बढ़ायें। जैसे हमारे यहां मिर्जापुर जिले में 18 फैक्ट्रीज हैं लेकिन ई.एस.आई का

अस्पताल केवल एक जगह चुर्क में है। वहां दो साल से डाक्टर नहीं है। इस काम को कौन करेगा ? स्टेट गवर्नमेंट वाले इसमें कुछ नहीं करते हैं। मेरा अनुरोध है कि आप डाक्टरों का एक आल इण्डिया कैडर बनायें। मैं चाहता हूं कि मंत्री जी आज ही घोषणा करें कि वे डाक्टरों और इन्जीनियरों का आल इण्डिया कैडर बनायेंगे।

सभापति महोदय, मैं इन्टक की उत्तर प्रदेश शाखा का उपाध्यक्ष हूं। मैं देखता हूं कि आपने लेबर से सम्बन्धित जितने कानून बनाये हैं उनका आमतौर पर कार्यान्वयन नहीं किया जाता है। राज्य सरकार उनका सही तौर से कार्यान्वयन नहीं कर रही है। केन्द्रीय सरकार की जो मंशा है, हमारी प्रधानमंत्री जी की जो मंशा है, हमारे श्रम मंत्री जी की जो मंशा है उसके अनुसार कार्यान्वयन नहीं करते हैं। इसलिये मैं चाहता हूं कि हर राज्य में एक मोनिटरिंग सेल कायम किया जाना चाहिये। आप हर राज्य में एक डायरेक्टर नियुक्त करें जो वहां देखे कि कानूनों का सही तरीके से कार्यान्वयन हो रहा है या नहीं हो रहा है। जो कानून आप बनाते हैं उनका पालन नहीं होता है, राज्य सरकारें और औद्योगिक संस्थान दोनों पालन नहीं करते हैं।

हमारे यहां सैकड़ों पब्लिक अण्डरटेकिंग्ज हैं जिनमें सरकार का 30 हजार करोड़ रुपया लगा हुआ है। लेकिन जो बुनियादी सवाल है, लेबर की जो कठिनाइयां हैं और उनसे सम्बन्धित जो कानून हैं उनको सही तरीके से लागू किया जाय। मजदूरों का प्राविडेन्ट फण्ड का पैसा, इंशोरेंश का पैसा जमा होता रहता है और समय पर जमा नहीं कराया जाता है। अगर आप द्वारा नियुक्त अधिकारी सही तरीके से काम करें और वह पैसा समय से जमा हो तो उस पर सूद भी बढ़ेगा और पैसा भी सुरक्षित रहेगा। जैसे हमारे यहां हिण्डालको में इस मद से बहुत पैसा जमा होता है। हमें देखना चाहिए कि वह समय से जमा हो, साथ ही हमें वहां पर कुछ अधिक रुपया खर्च करना चाहिये। अस्पताल की वहां पर बहुत ज्यादा कठिनाई है। जिस इण्डस्ट्री से हमें ज्यादा पैसा आये वहां लेबर की दवादारू के लिये तथा अन्य सुविधाओं के लिये अधिक पैसा खर्च करना चाहिये। डागा जी इवैल्यूएशन कमेटी का सारा रिकार्ड बतला रहे थे, मैं उसमें नहीं जाना चाहता हूं लेकिन मैं यह अवश्य चाहता हूं कि वहां पर अधिकारियों को नियुक्त किया जाय जो सही तरीके से मानिटरिंग करें और लेबर लाज़ के सही कार्यान्वयन के लिये जिम्मेदार हों।

श्री बाबूराव परांजपे (जबलपुर) : सभापति महोदय, यह जो संशोधन विधेयक लाया गया है, यह सन् 1948 का जो बिल है, उसका संशोधन करने के लिए लाया गया है। बीच में एक मर्तबा सन् 1975 में, जब आपात्तकालीन स्थिति चल रही थी, तब भी मामूली संशोधन लाए गये थे और 1975 में भी श्रम मंत्री जी ने इसके उत्तर में कहा था कि एक सम्यक् विधेयक इस संबंध में अतिशीघ्र लाया जाएगा। आज उस आश्वासन को 9 वर्ष हो गये हैं और आज भी हम यह बात सुन रहे हैं कि एक सम्यक् विधेयक सब बातों पर विचार करते हुए शीघ्र लाया जाने वाला है सन् 1984 में और आज सन् 1984 में जमीन आसमान का अन्तर हो गया है सब प्रकार की बातों में चाहे श्रमिक जगत हो और चाहे आर्थिक ढांचा हो। मुझे याद आता है कि विक्टोरिया रानी छाप का रुपया सन् 1947, 1948 में एक रुपये मूल्य का था लेकिन आज वह 42 रुपये में बिकता है।

सभापति महोदय : कहां मिलता है ?

श्री बाबूराव परांजपे : सराफा मार्केट में सब जगह मिलता है। मैं आपको बता रहा था कि कितना बड़ा अन्तर हो गया है। एक रुपये की कीमत 42 रुपये हो गई है। अब इसमें 1 हजार रुपये से बढ़ाकर 1600 रुपये करने का प्रस्ताव है और कुछ लोग कहते हैं कि इसको 2000 रुपये होना चाहिए, तो मेरा कहना यह है कि इस पर इस बात को ध्यान में रखकर विचार करना चाहिए कि सन् 1948 में हालात क्या थे और आज क्या हैं।

एक बात यह और कहना चाहता हूं कि वैसे तो मजदूरों और श्रमिकों के कल्याण के लिये यह विधेयक और संशोधन लाये जाते हैं परन्तु वास्तविकता यह है कि इसका सारे का सारा लाभ कारखाने के मालिकों को मिलता है। मैं मध्य प्रदेश से आया हूं और मध्य प्रदेश में बीड़ी उद्योग एक बड़ा उद्योग है, जिसमें प्रति वर्ष करोड़ों रुपया बीड़ी मालिक वसूल करते हैं मजदूरों से परन्तु उसका 15 परसेन्ट पैसा भी सरकारी खजाने में जमा नहीं होता है। यह मध्य प्रदेश शासन में मानी हुई चीज है। मजदूरों के हित के लिए पैसा लिया जाता है लेकिन बीड़ी मालिक मजदूर की गाढ़ी कमाई का पैसा खींच लेते हैं और मजदूर अपने अधिकार से वंचित रह जाता है। सारे कानून जो मजदूरों के लाभ के लिए बनते हैं, उन का लाभ मालिक उठा ले जाते हैं। एक बात यह भी कहना चाहूंगा कि अगर मालिक किसी प्रकार की कोई गलती करता है या कानून का उल्लंघन करता है, तो उसके लिये उसको 6 महीने सजा का प्रावधान है। मैं मंत्री महोदय से कहूंगा कि जब वे जवाब दें तो कृपया यह बताएं कि आज तक कितने मालिकों को कानून के अन्तर्गत सजा मिली है और कितनों को हथकड़ी लगाकर जेल भेजा गया है। आज तो एक नई प्रथा बन गई है कि किसी आदमी को मैनेजर के रूप में रख लेते हैं और खुदा-न-ख्वास्ते अगर कोई गलत बात हो जाती है और उस के लिये सजा देने की बात आती है, तो मैनेजर को हथकड़ी लगेगी और वह जेल जाएगा और जो मैनेजिंग डाइरेक्टर कम्पनी का है या जो मालिक है, वह बचा रहेगा। इस प्रकार के कानून बने हुए हैं।

श्री विजय कुमार यादव (नालन्दा) : बीड़ी मजदूरों पर तो यह कानून लागू ही नहीं होता है।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR AND REHABILITATION (SHRI DHARMAVIR) : It is not applicable to 'bidi' workers because separate arrangements have been made for them.

श्री बाबूराव परांजपे : मैंने तो सिर्फ इसका उदाहरण दिया है। मध्य प्रदेश में यह लागू है, इसलिए वहां की बात मैंने कही है। कुल मिलाकर श्रमिक कितना परेशान है और गरीबी से कितना पिस रहा है, इसका एक उदाहरण मैं आपको देना चाहता हूं। एक मजदूर ने अपनी एक उंगली काट ली और इस बात के लिए काट ली कि एक स्कीम के अन्तर्गत उसको 6 हजार रुपया मिलेगा। इससे आप कल्पना कीजिए कि गरीबी से आज मजदूर कितना टूट रहा है कि अपने अंग को भी खंडित करना पसन्द करता है। वह अपने पेट के लिए, अपनी रोटी की समस्या को पूरा करने के लिए अपना अंग भी काट लेता है। इससे आप अन्दाजा लगा सकते हैं कि मजदूर कितना परेशान है।

I can give you those details if you want Ranganji.

इस स्कीम के अन्तर्गत एक और बात है। डाक्टर और दवाई विक्रेताओं, कैमिस्ट्स में

आपस में सांठ-गांठ है। अभी चार महीने पहले इस प्रकार के अनेक काण्ड पकड़े गये हैं। ये दोनों मिलकर के मजदूर के नाम से लम्बा-चौड़ा बिल बनाकर रुपया वसूल कर लेते थे। इसमें कुछ दादा लोग भी शामिल हो सकते हैं, इसमें सन्देह नहीं है। जो मजदूरों के दादा होंगे वे इस प्रकार से गलत कार्य करते होंगे। इस प्रकार से यह योजना गलत हाथों में जा रही है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस योजना के अन्तर्गत 4 सौ करोड़ रुपया इकट्ठा हुआ है। परन्तु वास्तविकता क्या है ? जैसा कि प्रवक्ताओं ने बताया कि अगर कहीं अस्पताल की बिल्डिंग है तो उसमें झाड़ू लगाने वाला नहीं है। अगर कहीं प्रसूतिगृह है तो उसमें लेडी डाक्टर नहीं है। अगर प्रसूतिगृह बना हो और उसमें लेडी डाक्टर न हो तो उसका क्या उपयोग हो सकता है और किस तरह से उन प्रसूतिगृहों द्वारा हम औरतों और बच्चों का कल्याण कर सकते हैं। अगर कहीं डाक्टर हैं तो दवाइयां नहीं हैं।

आप योजना तो बना रहे हैं परन्तु उसका उपयोग मजदूरों को नहीं हो पा रहा है। आजकल मजदूर की क्या हालत है ? आज उसकी हालत पांच पांडवों के बीच में फंसी द्रोपदी की तरह की है। पहला पांडव तो हमारा श्रम मंत्रालय है। दूसरा पांडव वह कारपोरेशन है जो कि श्रम मंत्रालय ने बनाया है। तीसरा पांडव कौंसिल है। ये तीन पांडव हुए। चौथा पांडव राज्य शासन का श्रम विभाग और पांचवां पांडव राज्य शासन का स्वास्थ्य विभाग है जिसके अधीन डाक्टर आते हैं। पैसा केन्द्रीय शासन से आता है और राज्य शासन उसको खर्च करते हैं। इन पांच पांडवों के बीच में द्रोपदी का चीरहरण हो रहा है।

मैं तो श्रम मंत्री जी से कहूंगा, जैसा कि सुझाव भी आया है कि डाक्टरों का एक अखिल भारतीय कैडर हो जो कि राज्य शासन के पचड़े में न हो। डाक्टरों को वहां से निकालिये। मैं यह भी चाहूंगा कि वर्षों से जो मजदूरों की भलाई की योजनाओं में देर हो रही है, आने वाले वर्षों में आप एक बिल लाकर श्रमिकों का पूरा कल्याण करें। इन शब्दों के साथ मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं।

श्री वृद्धि चन्द्र जैन (बाड़मेर) : सभापति जी, यह जो कर्मचारी राज्य बीमा संशोधन विधेयक 1984 प्रस्तुत हुआ है, इसका मैं समर्थन करता हूं। इस विधेयक में विशेष तौर से श्रमिकों के कल्याण के लिए संशोधन लाये गये हैं। इस बिल के द्वारा 1000 रुपये मासिक प्राप्त करने वालों की सीमा बढ़ाकर 1600 रुपये मासिक कर दी गई है। वास्तव में यह एक सराहनीय कदम है। यह जो इस बिल में प्रावधान किये गये हैं और सीमा बढ़ाई गई है, उसके लिए पूरा परिपालन होना चाहिए। तभी मजदूरों के हित में एक बहुत बड़ी बात हो सकती है।

हम मजदूरों को लाभ पहुंचाना चाहते हैं, श्रमिकों को लाभ पहुंचाना चाहते हैं। परन्तु वास्तव में ये लाभ उन तक पहुंचते हैं या नहीं यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। हम जिस उद्देश्य से कानून बनाते हैं, उन कानूनों के द्वारा उस उद्देश्य की पूर्ति होती है या नहीं, उसको देखना भी बहुत जरूरी होता है। यह भी जरूरी होता है कि जो सुविधाएं हम मजदूरों के लिए जुटाते हैं वे उनको मिलनी चाहिएं और उन सुविधाओं की मजदूरों को जानकारी भी होनी चाहिए कि उनके लिए क्या-क्या सुविधाएं हैं।

अभी डागा साहब कह रहे थे। वास्तव में उनका कहना सही है। सरल भाषा में और

स्थानीय भाषा में इस कानून का प्रचार करके मजदूरों को बतलाया जाए कि उनको बीमारी में, प्रसव के समय और दुर्घटना के समय इस-इस प्रकार से लाभ मिल सकता है।

इसी प्रकार 6 रुपये मजदूरी पाने वाले को एग्जम्पशन दिया गया है। यह तो एक मजाक-सा लगता है। जबकि मिनिमम वेजेज 9 रुपये तय कर दिया गया है और कई प्राविंसेस में तो 10 रुपए तक कर दिया गया है। 6 रुपये में तो हमारे रेगिस्तानी क्षेत्र में भी कोई मजदूरी करने को तैयार नहीं होता। इसलिए इसका लाभ अगर आप वास्तव में देना चाहते हैं तो इस 6 रुपये को बढ़ाकर 12 रुपये कीजिये। तभी मजदूरों को इसका लाभ मिल सकता है। इसी प्रकार आप 5 परसेंट एम्प्लायर से कांट्रीब्यूशन लेते हैं और मजदूर से 2.25 परसेंट लेते हैं। इस 2.25 परसेंट यह तय किया जाना चाहिये कि इतनी मजदूरी पाने वाले का इतना परसेन्ट कांट्रीब्यूशन होगा, 1000 पाने वाले का इतना परसेन्ट कांट्रीब्यूशन होगा और 1600 रुपये पाने वाले के लिए 2.25 परसेन्ट कांट्रीब्यूशन होना चाहिये।

इसी प्रकार जो अस्पताल हैं, उनका लाभ तभी मजदूरों को मिल सकता है जब उसमें आधुनिक युग के सभी प्रकार के इन्वेस्टीगेशन की सुविधाएं हों। मास्टर आफ सर्जरी, मास्टर आफ मेडीसन और अन्य सभी प्रकार के प्रबन्ध हों तभी उसका लाभ मजदूरों को वास्तविक रूप से मिल सकता है। इनकी व्यवस्थाओं को सुधारने का प्रयत्न किया जाना चाहिए। जैसे जोधपुर में, जयपुर में अस्पताल हैं। इसी प्रकार अन्य जगहों पर भी अच्छे अस्पतालों की व्यवस्था की जानी चाहिये। इस तरह से हम इस कल्याणकारी राज्य को आगे बढ़ा सकेंगे। इसी प्रकार से आपने बताया है कि इसको कुछ आगे बढ़ाकर और कानून लाना चाहते हैं। मैं जानना चाहता हूं कि यह तो सम्भवतः लास्ट सेशन है वर्तमान लोकसभा का 10 जनवरी तक यह लोकसभा स्टेंड कर सकती है। इसलिए हम चाहते हैं कि आप इसी सेशन में उसको लाइए। तभी उसका लाभ आप मजदूरों को दे पायेंगे। तभी मजदूरों का कल्याण होगा।

श्री जगपाल सिंह : ऐसी बात इसमें नहीं लानी चाहिए। जिस प्रकार की स्थिति वहां पैदा हो रही है, उसको हम भी मानते हैं और आप भी मानते हैं कि हमारे देश की एकता और अखंडता को तोड़ने के पीछे साम्राज्यवादी ताकतें हैं। मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं कि यदि सरकार उचित कदम उठाती तो यह स्थिति पैदा न होती। इस परिस्थिति का मुकाबला रूलिंग पार्टी और विरोधी दलों को इकट्ठे होकर करना पड़ेगा।

सभापति जी, मैं अपनी बात खत्म करते हुए उन साम्राज्यवादी ताकतों से कहना चाहता हूं कि वे हिन्दुस्तान में अपोजीशन और रूलिंग पार्टी में मतभेद पैदा करके मुल्क को नहीं तोड़ सकते हैं। अगर उन्होंने तोड़ने की कोशिश की तो हम लोग अपोजीशन और रूलिंग पार्टी के मतभेद को भूलकर उनका मुकाबला करेंगे और उनको दुबारा इस धरती पर नही आने देंगे। इन शब्दों के साथ मैं पुनः बजट में उन फौजी भाइयों के लिए भी प्रोवीजन की मांग करता हूं। कृषि की ओर भी आपको ध्यान देना चाहिए। स्माल स्केल इन्डस्ट्रीज, एग्रीकल्चर से जुड़ी हुई जो इन्डस्ट्रीज हैं, उनको प्रोटेक्शन देकर बढ़ाने का काम करना चाहिए, तभी आपके इस बजट की मंशा पूरी हो सकती है।

श्री वृद्धि चन्द्र जैन (बाड़मेर) : सभापति महोदय, मैं पंजाब की अनुपूरक मांगें, 1984 जो सदन में प्रस्तुत की गई है, उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

किसी भी देश में और किसी भी प्रान्त में जब तक कानून और व्यवस्था की स्थिति ठीक

नहीं होती है, तब तक उस प्रान्त और देश की प्रगति नहीं हो सकती है। हमारी केन्द्रीय सरकार पंजाब के राष्ट्रपति शासन में जिस प्रकार से काम कर रही है, जो कदम उठा रही है, उसकी प्रशंसा सिर्फ हिन्दुस्तान की जनता ने ही नहीं बल्कि दुनिया ने की है। हमारी प्रधान मंत्री, श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने जो कदम उठाया है, वह ठीक समय पर उठाया है।

एक तरफ तो विरोधी पार्टियां यह कहती हैं कि अकालियों से समझौता करो और जब हमने समझौता करने की कोशिश की और समझौते में कतई कहीं कोई गुंजाइश नहीं रही तब जाकर हमने यह कदम उठाया है और समय पर उठाया है। कानून और व्यवस्था की स्थिति ठीक ढंग की होगी तो हमारे कृषि उत्पादन और औद्योगिक उत्पादन में जो रुकावट आ रही है, वह दूर हो जाएगी। इस ओर हम धीमे-धीमे प्रगति कर रहे हैं और आज भी यह परिस्थिति है कि पंजाब में उत्पादन बहुत ही अच्छा हुआ है। उत्पादन की दृष्टि से जिस प्रकार का उत्पादन 1982-83 में हुआ, उसको देखते हुए 1983-84 में उत्पादन में कोई कमी नहीं आई है। प्रोक्योरमेंट की दृष्टि से पंजाब हमेशा अग्रणी रहा है, अग्रणी था और अग्रणी रहेगा। इन परिस्थितियों में भी हम कानून और व्यवस्था को कायम रखते हुए, लोगों के अन्दर भय को समाप्त करते हुए, हम आगे बढ़ते गए। यह सही बात है कि जब कानून और व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती है तो उसका असर पड़ता है, अगर यह स्थिति सही होती तो एग्रीकल्चर प्रोडक्शन, इन्डस्ट्री प्रोडक्शन और भी ज्यादा होता। इसलिए पंजाब आगे बढ़ रहा है और जैसा कि प्राइम मिनिस्टर ने हिलिंग टच के बारे में कहा है, हमें उसका प्रयास करना चाहिए। हमें किसी को बुरा कहने की नीति में परिवर्तन करना चाहिए।

हमें सुधार की नीति अपनानी चाहिये। पुलिस की कमजोरियां हमें मालूम हैं, इन्टैलिजेंस की कमजोरियां हमें मालूम हैं और सेन्ट्रल गवर्नमेन्ट ने महसूस किया है कि उनमें परिवर्तन होना चाहिये, इसलिये हमको वह परिवर्तन करना चाहिये। पुलिस का जो रेक्रूटमेन्ट हो, उसमें राष्ट्रीय विचारधारा के लोगों को लेने का प्रयास करना चाहिये। स्टेट्स में जो आई०ए०एस० और आई०पी०एस० अफसर हों, उनमें 50 परसेन्ट वहीं के हों और 50 परसेन्ट दूसरी जगह से आयें। सरकार ने इस सम्बन्ध में जिस नीति की घोषणा की थी, उसका इम्प्लीमेन्टेशन करना चाहिये, यह एक बहुत अच्छा कदम है। पहले जब हाई कोर्ट्स के चीफ जस्टिस के ट्रांस्फर का मामला आया तो उस समय उसकी बहुत आलोचना की गई थी, लेकिन अब देख रहे हैं, मैं विशेष रूप से अपने राजस्थान के बारे में कह सकता हूं, सभी एडवोकेट्स अब इसको एप्रीशियेट कर रहे हैं और जनता भी इसको एप्रीशियेट कर रही है। हमारा देश एक बहुत बड़ा देश है, उसमें किसी प्रान्त में केवल उसी प्रान्त के अधिकारी हों, यह उचित नहीं है। उसका बहुत कुप्रभाव पड़ता है और पहले पड़ा भी है। पंजाब में ही जो पंजाब के आई०पी०एस० और आई०ए०एस० आफिसर्स थे, उनको जो भूमिका अदा करनी चाहिये थी, वह उन्होंने अदा नहीं की। इसलिये केन्द्रीय सरकार ने जो निर्णय लिया है, उसके शीघ्र कार्यान्वयन की आवश्यकता है।

हमारी आर्मी ने पंजाब में जो भूमिका अदा की है और जिस प्रकार से त्याग किया है उसके लिये हमें उनके परिवार के सदस्यों को अधिक-से-अधिक मुआवजा देना चाहिये। वहां की परिस्थिति एक विशेष परिस्थिति थी, उस परिस्थिति में हमारी आर्मी के जो जवान और लैफ्टीनेंट्स सबसे पहले वहां गये, वे मौत के मुंह में गये। इसके लिये उन्हें पूरी तरह से मुआवजा दिया जाना चाहिये।

हमारी यह कोशिश होनी चाहिये कि हम

उनको पूरा मुआवजा देकर उनको सन्तोष करें।

भाखड़ा की जो मुख्य नहर है उसमें दो बार दरार पड़ी। पहली दरार पाटने में डेढ़ करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और दूसरी दरार पर अभी काम चल रहा है। मैंने इस सम्बन्ध में एक प्रश्न पूछा था, मुझे मालूम हुआ है कि सिर्फ हरियाणा के किसानों को इससे 113 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, राजस्थान को जो नुकसान हुआ है, वह अलग है। दोनों दरारें जो डाली गई हैं, वे इस योग्यता के साथ डाली गई हैं, एक्सपर्टस की राय लेकर डाली गई हैं, जिनसे पंजाब का नुकसान नहीं होता है, हरियाणा और राजस्थान का नुकसान होता है। इसकी जांच की जानी चाहिये। इस घटना से हमारे यहां पीने के पानी तथा बिजली पर असर पड़ा है, एग्रीकल्चर में रुकावट आई है। इस नुकसान में हम किसानों की जो भी मदद कर सकते हैं, वह हमें करनी चाहिये।

इन शब्दों के साथ मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि आनन्दपुर साहब का जो रेजोल्यूशन है, खालिस्तान का जो नारा है, उन को हमें कतई मन्जूर नहीं करना चाहिये और हमें राष्ट्रीय एकता के लिये पूरी तरह से तैयार होना चाहिये। इस प्रकार की जो साम्प्रदायिक शक्तियां हैं, एक्सट्रीमिस्ट शक्तियां हैं, जो इस प्रकार के नारे लगाती हैं, उनका पूरी तरह से मुकाबला करना चाहिये। देश हमारे साथ है, देश की जनता हमारे साथ है, हमारा लक्ष्य बहुत महान है, विशाल है, हम अवश्य अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होंगे। पंजाब की प्रगति होगी, विकास होगा, पंजाब ने हमारी बहुत मदद की है, राजस्थान में जो फैमीन कण्डीशन्ज थीं, उनमें पंजाब ने बहुत मदद की है। हम चाहते हैं कि पंजाब की उन्नति हो, विकास हो और वह देश की उन्नति में बहुत सहायक सिद्ध हो।

इन शब्दों के साथ मैं इस बजट तथा फाइनेन्स बिल का समर्थन करता हूं।

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY (Calcutta South): Mr. Chairman we are discussing today Punjab budget. At the very outset, I like to say that as a democrat it is painful for me to discuss the budget of a State here. Normally our Constitution as our founding fathers made it, a federation Constitution, though with many limitations. But it was expected that the States will run normally and the elected representatives of the people would discuss the economic problems of the State. It is most unfortunate that under compelling circumstances we have to discuss it. Now, the sooner the civil administration is restored, the better. The sooner the elected representatives can function there, the Government can function there, the better for our democratic system. And that is why, at the very outset I would like that the Government should at least withdraw the Army from the Golden Temple itself to create a congential atmosphere and also, I request the Government not to allow a person conduct *kar seva* who is not legally authorised. That will hurt and that is hurting the feelings of our Sikh brothers.

Now, we are discussing Punjab. Punjab is one of the prosperous States of India and I was going through the budgets of Punjab for 1981-82, 1982-83 and 1983-84 It is a revenue surplus State. Also, the per capita income of the people of Punjab is one of the highest. It is all due to its agriculture. Punjab primarily is an agricultural State. Its prosperity depends on agriculture and what it produces today is a result of the green revolution. That we know. But we find in Punjab, unfortunately that in the midst of plenty there is poverty.

I have collected some statistics recently and there I find that in Punjab 10 percent of the farm households control 37.08 per cent of cultivable area. Ten per cent of the people of the farming households owning 38.08 per cent area and mostly comprising more than 20 acres ! And, 41.56 per cent of the farming households own 49.79 percent of the area, and 48.44 per cent of the farming households have small holdings of less than five acres each, and together 13.13 per cent of land,

In the land of greenr evolution we find that majority of the small holders, 45 per cent of the population according to the latest State Government survey, live below the poverty line. So, there is a plenty so far as the rich households are concerned, who are owning more than 20 acres of land. Where is the poverty ? Poverty is there where holding is marginal, less than five acres. Most of the people in Punjab are poor just because they do not have enough land—land being the major source of income. Not only that. It shows that the fruits of green revolution were reaped by the 10 per cent of the farming community. You talk of green revolution of increase in production. It is true that there is a phenomenol growth in production though it has come to a stationary stage now according to the experts. But who are the farming households who can afford this rising cost of inputs ? Only the households which have marketable surplus. Which are those households? Precisely farming households which own more than 20 acres of land. That is why, in Punjab 10 per cent of the people have reaped all the benefits of the green revolution which is so much advertised by the ruling party Members. There has been growth but at the expense of whom ? That is the question which the Minister has to answer.

MR. CHAIRMAN : It is different in Bengal ?

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY : We are trying our best. In West Bengal there have been drastic land reforms. The Legislature has passed a Bill to that effect whereby we have drastically reduced the minimum ceiling. That Bill is lying with the Central Government. Compared to Punjab I must submit very humbly that it is better there.

PROF. SATYA DEO SINGH : What is the limit there ?

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY : It was 15 acres. Then we have reduced it and the Land Reforms Bill is lying with the Central Government for getting its approval. The moment the Central Government does it, we will be able to introduce these land reforms.

Not only that. It is really amazing and startling revelation that in advance districts like Ludhiana we find that more and more peasants are pushed out of agriculture and in the decade 71-81, the census says that there has been a phenomenal rise in the number of agricultural unemployed and the number of cultivators pushed out of culvitation in Panjab is seven per cent in the decade 1961-71. When the marginal farmers are pushed out, what do they do ? When they do not find any gainful employment in the village because they lose land, they cannot stand the competition—Mr.Ranga, you are an expert, you know that why marginal farmers lose their land and how they join urban proletariat—they create problems in Punjab. The route of extremism if anyone is to find out, he will find it by this uprooting of the village people. They are going to the cities for employment and not finding employment, some of them turn extremists. I am quoting from your figures, the figures given by the Government.

Now, what is the position of unemployment in one of the most advanced States of India ? In 1966, the unemployment of technically trained and professional people was 9,321, it is now 64,771. From 9,000 it has gone up to 64,000. So far as the white-collar people, the clerical posts are concerned, unemployment was 2,713 in 1966, it has gone up to 45,708 in 1981. Then, the total unemployment—I am talking about the registered unemployment only—was 50,578 in 1966, it is 4,86,081 in 1981. So, that is the position in Punjab. Alarming unemployment ! Forty-five per cent of the people are below the poverty line in the so called land of plenty, in the land of Green Revolution. This is precisely because of the fact that without basic land reform, Green Revolution was thrust into Punjab. And if you go through the reports of the United Nations, they have said that this Green Revolution is going to produce social tension. Why ? Why there will be social tension ? Yes, because of Green Revolution, production will go up undoubtedly, they are feeding the people of India undoubtedly, but only a microscopic minority will get all the benefits —people having surplus land, people having enough land—but the poor people are going to suffer. That is given in the United Nations work. And today we find the social tensions in Punjab have their roots in the

Green Revolution itself. This success has become a failure in the sense that it has created social tension and because of this we find the rise of extremism, because there is rise in unemployment, there is frustration. So, this is the position in Punjab.

Now, because of this movement, and I must say because of the peculiar condition that is prevailing in Punjab, there is the question of law and order and unfortunately the State Government could not control it.

What is happening ? Its economy is very much adversely effected. To-day, as my friend was telling, Punjab for its agriculture depends on the labour from U.P., Bihar and other States. These are seasonal workers. They go there during harvesting season, sowing season. But because of the un-settled conditions there, law and order problem there, there has been a significant fall in the flow of labour from these areas to Punjab. They are reluctant to go to Punjab because there is no safety.

I would like to draw the pointed attention of the Finance Minister in Punjab like West Bengal State the credit deposit ratio is such which goes against the interest of the State. The Hon. Minister of Finance will have to look into it. I have the statistics about Punjab.

It is the duty of the Government, as I have said to bring normalcy in Punjab. It is a highly prosperous State, and also it is their duty to go into this problem which I have just mentioned. Until and unless there is land reform, until and unless people feel that they can share the fruits of development, there will always be discontent.

SHRI M. RAM GOPAL REDDY (Nizamabad) : Quite right. We agree with you.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY : It is for the Finance Minister to note that because of the rise in price of agricultural inputs, for the marginal and small farmers agriculture is not a profitable proposition. You will have to look to it this rise in cost of inputs is telling upon the economic strength of the marginal farmers.

SHRI M. RAM GOPAL REDDY : We have reduced the price of fertilisers twice in one year.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY : These are some of the problems. I want the Minister to formulate the policy of the Govenment.

To conclude, I would demand that very quickly there should be restoration of the democratic Government instead of depending upon the administrative measures.

The other day our Home Minister was telling when the Military entered the golden temple, it was an hour of glory. It was not an hour of glory. It could have been necessity. I do not agree with him. Had appropriate action been taken in time, it could have been avoided. When there is a failure of the administration, when you cannot settle the problem, you have ordered the Army to do something. It is, no doubt their duty to do it. But it signifies the failure of your Government, it signifies the failure of the Central Government. After all the success of the Army does not speak well about the civilian administration in any country. For your internal administration, if you depend on Army, you cannot tell this an hour of glory It is an hour of darkness, darkness in the sense that political...

(Interruptions)

SHRI RAM PYARE PANIKA (Robertsganj) : Time and again our Prime Minister inside and outside the House told...

(Interruptions)

MR. CHAIRMAN : You will also have time to speak on the subject. Please do not interrupt.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY : What I say is, it is not an hour of glory. It is a political failure. It is a political disaster. It is a failure of the civilian Government.

It is the failure of the Central Government. And that is why, don't take pride in it. I want, Mr. Chairman, that normalcy should be restored as quickly as possible.

Restoration of democracy should be there and the people of Punjab should determine the destiny of Punjab because the Constitution has given them the right to determine their destiny in their own sphere.

श्री राम प्यारे पनिका (राबर्ट्सगंज) : सभापति महोदय, मैं शुरू में ही अपने लायक़ दोस्त को बता देना चाहता हूं, सदन को याद होगा कि माननीय प्रधान मंत्री ने इस सदन में भी और बाहर भी, जब स्वर्ण मंदिर में मिलिट्री का प्रवेश कराना पड़ा तो उन्होंने कहा था कि हमें बड़े भारी दिल से यह आदेश करना पड़ा है। मुझे आश्चर्य है कि हमारे सी. पी. एम. के मित्र आज इस तरह की बात क्यों कर रहे हैं; यह बात बिल्कुल साफ हो गई है कि किसी को इसमें सुख नहीं था, लेकिन परिस्थितियां ऐसी थीं। माननीया प्रधान मंत्री जी ने वहां पर मिलिट्री का प्रवेश करा कर निश्चित तौर पर एक सामयिक कदम उठाया जिससे न केवल पंजाब की और गुरुद्वारे की पवित्रता ही बचाई बल्कि देश को खडित होने से बचा लिया।

माननीय सदस्य व्हाइट पेपर पर बहस के समय विस्तार से तमाम आलोचना कर चुके हैं, मैं उनसे अपेक्षा करता था कि वह पंजाब के बजट पर बोलेंगे लेकिन वह सारे भारतवर्ष की बात करते हुए अपने बंगाल की तारीफ कर गये। आज सबको मालूम है कि वहां विद्युत् उत्पादन की क्या समस्या है। आप कलकत्ते में जाइये, आपको सब पता लग जायेगा। आप आश्चर्य करेंगे कि केन्द्रीय सरकार के और सेंट्रल इलैक्ट्रिसिटी अथारिटी के होने के बाद the generation of electricity is getting deteriorated day by day in West Bengal.

(Interruptions)

आज वहां की इडस्ट्री की हालत क्या है ? वहां केवल एक लाभ हो रहा है कि इनके कैडर के लोगों को वहां विभिन्न स्थानों पर नौकरी में रखा जा रहा है। जो गरीबी की रेखा से ऊपर उठाने का काम है, स्वतः रोजगार की बात है, एन.आई.ई.पी., आई.आर.डी.पी. के कार्यक्रम हैं, उनसे इनके कैडर के लोगों को ज्यादा लाभ हो रहा है। यह हकीकत है, अगर इन तथ्यों की जानकारी करनी हो तो यहां से एक कमेटी जा सकती है।

आज पंजाब का बजट एक असाधारण स्थिति में लोक सभा में रखा गया है। ये लोग अकालियों का क्यों समर्थन करते हैं। हम कहते हैं कि देश एक है लेकिन ये सी. पी. आई. और सी. पी. एम. के लोग मल्टी नेशनल में विश्वास करते हैं इसलिये ये अकाली दल से मेल रखते हैं और इन्होंने उनको उकसाया। सोवियत यूनियन और यूनाइटेड अमरिका की तरह हमारा देश नहीं है। हमारा देश एक है, हमारे यहां विभिन्न भाषाएं हैं, कल्चर हैं, लेकिन हमारा कांस्टीट्यूशन एक है।

आपको याद होगा कि जब बहस चल रही थी तो आनन्दपुर के प्रस्ताव पर सबने यह कहा कि हमारा समझौता सारे का सारा हो गया था, लेकिन यह केन्द्र सरकार थी जिसने समझौते का डिक्लेयरेशन नहीं किया।

उन्होंने ऐसा क्यों कहा ? हम इन लोगों की भावना समझ सकते हैं। ये लोग अपने पोलिटीकल लाभ के लिए ऐसा करते हैं।

हम इस बजट का समर्थन करते हैं, लेकिन जैसा कि आचार्य भगवान देव ने कहा है, देश के जो सिपाही हरमंदिर साहब की सेंक्टिटी, पवित्रता, को बचाने के लिए मरे हैं, वित्त मंत्री को उनके परिवारों के लिए कुछ प्रावधान करना चाहिए। सारा देश जानता है कि वे वहां पर क्यों शहीद हुए। देश ने उनको जो डायरेक्शन दिया था, उसके अनुसार उन्होंने काम किया। उन्होंने शपथ ली थी कि हम जान का खतरा उठाकर भी हरमंदिर साहब की तरफ बन्दूक का मुंह नहीं करेंगे।

इसके अलावा आतंकवादियों, उग्रवादियों और अलगाववादियों की कार्यवाहियों से तीन सालों में जो 300 व्यक्ति शहीद हुए हैं, उनके परिवारों के लिए भी विशेष प्रावधान करना चाहिए।

यह सही है कि जहां तक अर्थ व्यवस्था का प्रश्न है, पंजाब सब राज्यों से आगे रहा है। श्री सत्य साधन चक्रवर्ती ने सरकार की नीतियों की आलोचना की है। मैं बताना चाहता हूं कि 1980 मे जनता पार्टी ने एक जर्जरित अर्थ व्यवस्था हमे दी थी। सी. पी. आई. और सी. पी. एम. दोनों जनता पार्टी का समर्थन करते थे।

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : सी. पी. आई. ने उसका समर्थन नहीं किया।

श्री राम प्यारे पनिका : इन लोगों के क्या सिद्धान्त हैं? चौधरी चरण सिंह ने केवल दोहरी सदस्यता के प्रश्न पर जनता पार्टी को तोड़ा था। क्या आज आर. एस. एस. का प्रश्न नहीं है?—आज भी वह प्रश्न है। लेकिन श्री वाजपेयी और चौधरी चरण सिंह को लगा कि हम लोगों का अस्तित्व समाप्त होने वाला है, इसलिए आज उनके द्वारा साम्प्रदायिकता और जातीयता का गठबंधन किया गया है। इसी आधार पर वे अगले चुनावों में वोट प्राप्त करना चाहते हैं।

(व्यवधान)

जनता पार्टी के शासन ने देश की अर्थ-व्यवस्था को जर्जरित कर दिया था, उस अवधि में कृषि-उत्पादन में गिरावट आई थी, औद्योगिक उत्पादन की दर 1.4 परसेंट रह गई थी, जीवनोपयोगी चीजों का हर जगह अभाव था। इसके अलावा विदेशों में हमारी प्रतिष्ठा खत्म हो गई थी।

(व्यवधान)

श्री जगपाल सिंह : मेरा पायंट आफ आर्डर है। चौधरी चरण सिंह इस सदन के माननीय सदस्य हैं और वह सदन में उपस्थित नहीं हैं। इसलिए उनका नाम लेकर डीफेमेटरी भाषण देने की इजाजत न दें।

(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: I will go through the record. If there is anything unparliamentary or derogatory to the member of the House, I will see that.

SHRI JAGPAL SINGH: Choudhary Charan Singh is a member of the House. He is not present at this time in the House. Therefore, he cannot criticise Choudhary Charan Singh.

(Interruptions)

श्री राम प्यारे पनिका : उनको क्लैरिफिकेशन देने का मौका मिलेगा।

श्री जगपाल सिंह : पंजाब पर चर्चा हो रही है, जनता पार्टी पर नहीं।

MR. CHAIRMAN: It is not unusual to take the names of other Members of this House but if there is any derogratory remark, if there is any insinuation against the Member, I would definitely look into the records but he cannot be precluded from taking his name. He can take your name. He can take his name also.

श्री राम प्यारे पनिका : मैं चौधरी साहब का बड़ा सम्मान करता हूं लेकिन उनके कार्यों को यहां पर बतलाना आवश्यक है।

MR. CHAIRMAN: You were also interrupting when other Members speak and they are now paying you in the same coin.

SHRI RAM PYARE PANIKA: No. Not at all.

MR. CHAIRMAN: I know it.

श्री राम प्यारे पनिका : मैं बहुत सही बात करता हू। मैं यह कह रहा था कि जनता

पार्टी के शासन काल में इस देश की अर्थ-व्यवस्था बहुत ही जर्जर हो गई थी । इस देश की प्लानिंग को रोलिंग प्लान के नाम पर इन्होंने बन्द कर दिया था लेकिन हमारी पार्टी के सत्ता में आने के बाद, बावजूद बाढ़ और सूखे के और बावजूद पंजाब में इस प्रकार की स्थिति इन लोगों द्वारा पैदा किए जाने के, इस साल 15 करोड़ टन गल्ला देश में पैदा हुआ है जो कि एक रिकार्ड है ।

(व्यवधान)

आज आवश्यकता इस बात की है कि पंजाब में सद्भावना का वातावरण पैदा किया जाए और हमारी प्रधान मन्त्री के शब्दों में वहां के लोगों के दिलों में जो घाव पैदा हुआ है उसको भरने की नितान्त जरूरत है ।

जगपाल सिंह जी ने सन्ता सिंह का जिक्र किया है । मेरा निवेदन है कि हमारी सरकार ने प्रयास किया कि स्वर्ण मंदिर का पुनर्निर्माण हो लेकिन कोई भी सामने नहीं आया और तब संतासिंह जी वालंटरी कार-सेवा करने के लिए सहमत हुए और उन्होंने इस कार्य को अपने हाथ में लिया । उसके बाद अब अकाली दल, पांच जत्थेदार और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने खड़कसिंह को यह काम सौंपा है, लेकिन उन्होंने बहुत ठीक कहा है कि जब तक वहां पर सामान्य स्थिति नहीं होगी, जब तक वहां से मिलिट्री और पैरा-मिलिट्री फोर्सेज नहीं हटाई जातीं तब तक वे कार-सेवा का काम नहीं कर सकते हैं । श्रीमन्, इनके नेता चौधरी चरण सिंह भी नहीं चाहते हैं कि स्वर्ण मंदिर से सेना हटाई जाए जब तक कि सामान्य स्थिति नहीं आ जाती लेकिन ये यहां पर अपने नेता के ही विरोध में बोल रहे हैं ।

श्री जगपाल सिंह : यह गलत इन्टरप्रिटेशन है । मैंने कहा है कि जितनी जल्दी हो सके वहां पर सामान्य स्थिति लाई जाए । लम्बे समय तक वहाँ पर फौज को रखना देश के लिए हानिकारक होगा ।

(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : How can I allow two Members to speak at the same time ? I do not allow this.

Only one Member can speak at one time. How can I allow both the Members to speak at once ? I will not allow unless he yields.

श्री जगपाल सिंह : मेरा पर्सनल एक्सप्लेनेशन है ।

सभापति महोदय : उन्होंने कोई पर्सनल बात कही नहीं है । फिर पर्सनल एक्सप्लेनेशन भी बाद में किया जा सकता है, अभी नहीं ।

श्री राम प्यारे पनिका : मान्यवर, मैं यह कह रहा था कि हमारे देश की अर्थ व्यवस्था निरन्तर सुधरती गई है । इसका एक प्रमाण यह है कि आइ. एम. एफ. से जो लोन हमें लेना था उसको भी हमने लेना बन्द कर दिया । इस प्रकार आप देखेंगे कि देश की अर्थ व्यवस्था अच्छी हुई है । पंजाब हमारे देश का एक हिस्सा है लेकिन वहां की हालत पिछले ढाई सालों में बहुत खराब कर दी गई । जनता पार्टी के शासन काल में इनके विदेश मन्त्री ने विदेशों में भी इस देश की प्रतिष्ठा को गिराया था । लेकिन हमारी सरकार देश की प्रतिष्ठा को उठवाते हुए पंचवर्षीय योजना के सारे लक्ष्यों को प्राप्त करती जा रही है । हमारी सरकार 18 खरब का नया प्लान बनाने जा रही है । हमारी सरकार ने हर दृष्टि से देश की प्रतिष्ठा बढ़ाई है । श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी जब विदेश मंत्री थे तो ज्यादातर वे विदेशों में ही रहते थे लेकिन जब हमारी सरकार आई तो विदेश के लोगों में यह कंपटीशन होने लगा कि इन्दिराजी की सहानुभूति कौन प्राप्त करेगा ।

हमारे कार्यक्रमों की एक दिशा थी, हमारा एक लक्ष्य था, उसी लक्ष्य पर चल कर हमने सफलता प्राप्त की। जैसी कि कहावत है—कहीं की ईंट, कहीं का रोड़ा, भानुमती ने कुनबा जोड़ा—ये सब विभिन्न पार्टियां एक होने का प्रयास कर रही हैं। लेकिन देश की जनता ने इनको पहचान लिया है, इसलिए ये कभी भी सफल नहीं हो सकते हैं।

इन चन्द शब्दों के साथ माननीय वित्त मंत्री जी ने जो मांग रखी हैं, मैं उसका समर्थन करता हूं। उग्रवादी लोगों की वजह से जो हमारी अर्थ व्यवस्था बिगड़ गई थी, नहर को काट दिया गया, उसके लिए केन्द्रीय सरकार को बजट में थोड़ी अलग से धनराशि देनी चाहिए। यह मैं कह सकता हूं कि मुट्ठी भर 15-20 प्रतिशत लोगों के कारण ही वहां पर शेष 85 प्रतिशत लोगों को परेशानी हो रही है। इसलिए केन्द्रीय सरकार को थोड़ा-सा हाथ इस तरफ भी बढ़ाना चाहिए, ताकि बिगड़ी हुई व्यवस्था सुधर सके।

प्रो॰ अजीत कुमार मेहता (समस्तीपुर) : सभापति महोदय, अभी जो मैंने भाषण सुना, उससे पता चला कि बिना पंजाब के बारे में कुछ बोले हुए पंजाब के बजट पर कैसे डिस्कशन हो सकता है। क्या पंजाब भारत का भाग है, इसीलिए सारे भारत की हम चर्चा कर लें और चूंकि पंजाब एक भाग है, इसलिए पंजाब की चर्चा हो गई है।

सभापति जी, पंजाब के श्वेत-पत्र पर चर्चा होने के समय में बहुत सुझाव दिए गए, मैं उनको दोहराना नहीं चाहता हूं। किन्तु मैं इतना अवश्य कहूंगा कि पंजाब की समस्या का जो निदान निकाला गया है, वह वास्तविक और स्थायी निदान नहीं है। वहां पर केवल प्रशासनिक समस्या ही नहीं थी, वहां राजनीतिक समस्या थी, तात्कालिक निदान वहां की विधि-व्यवस्था के बिगड़ने पर जो प्रयत्न किया गया, उससे पंजाब की समस्या का समाधान नहीं निकलेगा। समस्या अभी भी ज्यों की त्यों है, हमें उसका राजनीतिक समाधान खोजना होगा।

जून के प्रथम सप्ताह में वहां फौजी कार्यवाही की गई, उसकी आवश्यकता थी और ठीक समय पर हुई। परन्तु क्या फौज की वहां उपस्थिति अभी तक आवश्यक है? इस पर हमें सोचना होगा। पाकिस्तान और अन्य विकासशील देशों का उदाहरण हमारे सामने है। हम नागरिक प्रशासन के लिए सेना को निमंत्रित करें तो उसका नतीजा यह निकलता है कि सेना ही नागरिक प्रशासन पर अधिकार जमा लेती है। पंजाब में राष्ट्रपति शासन लागू है, सब जगह लागू होता है, लेकिन कहीं भी ऐसा नहीं हुआ है कि सेना के अधिकारी लोग राज्यपाल के सलाहकार नियुक्त किए गए हों। परन्तु पंजाब में ऐसा हुआ। कोई भी परिस्थिति हो राज्यपाल के सलाहकार के रूप में सैनिक अधिकारियों की नियुक्ति नहीं होनी चाहिये। पंजाब में सैनिक अधिकारियों की जो नियुक्ति हुई है, इसका क्या परिणाम निकलेगा? सैनिक अधिकारियों के अन्दर भी नागरिक प्रशासन के प्रति लिप्सा और तृष्णा पैदा होगी। जिस तरह से हम किसी शेर को आदमी के खून का स्वाद दिलायें तो वह उसके बाद नरभक्षी हो जाता है।...

श्री एम॰ रामगोपाल रेड्डी (निजामाबाद) : प्रोफेसर साहब बहुत अच्छे व्यक्ति हैं, इस किस्म की बात उनको नहीं बोलनी चाहिये। अब तक कई जनरल्ज़ गवर्नर हुए हैं...

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (नई दिल्ली): रिटायर होने के बाद।

प्रो॰ अजित कुमार मेहता (समस्तीपुर) : कार्यरत सलाहकार नियुक्त नहीं हुए हैं।

श्री एम० रामगोपाल रेड्डी : इसमें क्या गलत बात है। हैदराबाद में जनरल जे०एन० चौधरी गवर्नर थे।

प्रो० अजित कुमार मेहता : हैदराबाद की स्थिति भिन्न थी, वहां पंजाब जैसी स्थिति नहीं थी। हैदराबाद अपने को स्वतन्त्र घोषित करना चाहता था, लेकिन पंजाब में ऐसी बात नहीं है। आप गलत उदाहरण न दिया करें।

आचार्य भगवान देव (अजमेर) : गलत उदाहरण तो आप दे रहे हैं।

प्रो० सत्यदेव सिंह : प्रो० मेहता ने बिल्कुल गलत उदाहरण दिया है…

प्रो० अजित कुमार मेहता : प्रो० सत्यदेव सिंह ऐसी जगह से आते हैं जहां शब्दों की भाषा लोग नहीं समझते हैं, वहां के लोगों को समझाने के लिये किसी अन्य भाषा का प्रयोग किया जाता है। इसलिये वह हमारी बात नहीं समझेंगे।

मैं निवेदन कर रहा था कि पंजाब में सैनिक अधिकारियों की नियुक्ति राज्यपाल के सलाहकार के रूप में हुई है, उन पर विधि-व्यवस्था तथा न्याय जैसे मामलों की जिम्मेदारी डाली गई है, जो कदापि उचित नहीं है। सेना के जवान भी हमारी ही तरह के आदमी हैं, उनके अन्दर भी हमारी ही तरह लिप्सा और तृष्णा जागृत हो सकती है…

प्रो० सत्यदेव सिंह : उनमें राष्ट्रभक्ति ज्यादा है।

प्रो० अजित कुमार मेहता : मैं आपकी बात को इगनोर करूंगा। मैं कह रहा था कि सेना के जवान भी हमारी तरह के साधारण आदमी होते हैं, उनमें भी हमारी तरह लिप्सा और तृष्णा पैदा हो सकती है। हमारे लिये यह कदापि उचित नहीं है कि उनकी इस भावना को जागृत करने में हम सहायक बनें। सेना के जवानों की एक विशिष्टता यह होती है कि वे अनुशासन-बद्ध होते हैं तथा सामान्य समाज से अलग रखे जाते हैं। लेकिन जब उनको इस तरह के नागरिक प्रशासन के कामों में लिया जाता है तो वह अनुशासन-बद्धता एक तरह से समाप्त हो जाती है और वे एक साधारण नागरिक की तरह के बन जाते हैं। साधारण प्रशासन में जो भ्रष्टाचार है, उसका प्रभाव उन पर भी पड़ता है और वे भी भ्रष्ट हो जाते हैं। इसलिये हमको अपनी सेना को इन कार्यों से अलग रखना चाहिये…

प्रो० सत्यदेव सिंह : प्रो० मेहता सदन में भ्रम पैदा कर रहे हैं।

प्रो० अजित कुमार मेहता : दूसरी बात मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि सेना की वहां पर अनिश्चित काल तक उपस्थिति सिखों के मन में अस्थायी क्षोभ पैदा कर सकती है। सेना को न स्थानीय समस्याओं का ज्ञान होता है और न नागरिक प्रशासन का अनुभव होता है। इसलिये नागरिक प्रशासन में लगा देने के बाद स्थानीय समस्याओं का समाधान न कर पाने के कारण वहां के नागरिकों में असंतोष पैदा हो सकता है। लोग ऐसा महसूस कर सकते हैं कि वहां पर सेना का शासन है। वे देश के अन्य भागों की तरह से नहीं है, बल्कि देश में उपनिवेश की तरह से है। मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं—जब हमारा पाकिस्तान के साथ युद्ध हुआ था तो बंगलादेश, जो कि उस समय पूर्वी पाकिस्तान के नाम से जाना जाता था, सेना के नागरिकों के मन में यह भावना घर कर गई कि वे तो दूसरे दर्जे के नागरिक हैं और इस कारण से उनके मन में अलगाववादी भावना पैदा हो गई। अन्ततः पाकिस्तान का वह हिस्सा पाकिस्तान से अलग हो गया। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि यदि सेना को नागरिक प्रशासन

के कार्य में लगाया जाएगा तो उससे ऐसा खतरा उत्पन्न हो सकता है। इसलिए सेना को वहां लम्बे अर्से तक नहीं रखा जाना चाहिए।

मेरा यह भी कहना है कि हमें राज्य सरकार की दक्षता और विश्वसनीयता को लौटाना होगा। सेना के वहां रहते यह सम्भव नहीं हो पायेगा।

सभापति जी, वहां पर सेना को ज्यादा दिनों तक रखने के पीछे एक मंशा यह भी दिखाई पड़ती है कि सिखों के मन में हिन्दुओं के प्रति क्षोभ है और सेना को वहां से हटा लेने पर उनकी जान को खतरा उत्पन्न हो जायेगा। हिन्दु संभवत: वहां अपनी रक्षा न कर पायें। परन्तु मैं कहना चाहता हूं कि वहां परिस्थिति यह है कि सिखों का क्रोध हिन्दुओं के प्रति नहीं है, बल्कि सरकार के प्रति है। इसीलिए सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाने के लिए भी वहां से यथाशीघ्र फौज की वापसी जरूरी है। कम-से-कम स्वर्ण मन्दिर के परिसर से तो यह होनी ही चाहिए।

सभापति जी, भिण्डरावाले की मौत से पंजाब के उग्रवादी छिन्न-भिन्न हो चुके हैं। अब हमें इस स्थिति का लाभ उठाना चाहिए। हमारे सामने दो विकल्प हैं—या तो उन उग्रवादियों को एकदम समाप्त कर दें अथवा यह सोचें कि ये उग्रवादी सिख सिखों के साधारण नौजवान थे जो भिण्डरावाले के दुष्प्रभाव में आकर गलत रास्ते पर चल पड़े थे और उनको सही रास्ता दिखाकर उन्हें सुधारा जाए। मैं समझता हूं कि दूसरा विकल्प अधिक सहायक और समस्या के समाधान करने में अधिक सार्थक सिद्ध होगा। इस विकल्प को अपनाना चाहिए।

अब मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूं। यह सर्वविदित है कि पंजाब के दो वरिष्ठ नेताओं में जो कि पंजाब के भूतपूर्व मुख्य मन्त्री रहे हैं, आपसी मतभेद के कारण इस समस्या को बढ़ावा मिला। इसका परिणाम इतना बुरा निकला कि पंजाब में अलगाववादी ताकतें खड़ी हो गईं।

प्रो० सत्य देव सिंह : अब तो भूतपूर्व मुख्य मंत्री राष्ट्रपति हो गये हैं, अब तो वे वहां की राजनीति में नहीं हैं।

प्रो० अजीत कुमार मेहता : मैंने भूतपूर्व मुख्य मंत्री कहा है, मैंने किसी का नाम नहीं लिया है। हमारा सुझाव है कि इन दोनों भूतपूर्व मुख्य मन्त्रियों के समर्थकों के बीच का जो मतभेद है, जो झगड़ा है, उसको कम-से-कम दूर करा देना चाहिए। यह मतभेद और झगड़ा इतना अधिक नहीं बढ़ने देना चाहिए जिससे कि अलगाववादी ताकतों को बल मिले।

मेरा दूसरा सुझाव है कि सिखों के धर्मिक स्थान अकाल तख्त के विषय में व्यवहारिकता से काम लेना चाहिए। यह मैं मानता हूं कि कार-सेवा करने का अधिकार सभी को है। परन्तु वह कार सेवा सुनियोजित रूप से सिखों की संस्था के माध्यम से ही करवाई जाए। इससे सिखों को संतोष होगा। बाबा संता सिंह जी द्वारा कार-सेवा करने से कन्फ्रन्टेशन की स्थिति पैदा हो गई है और प्रबन्ध समिति ने यहां तक घोषणा कर दी है कि उनके द्वारा किए गए काम को वह गिरा देंगे। इस तरह की कन्फ्रन्टेशन की स्थिति पैदा नहीं होने देनी चाहिए।

सभापति महोदय : ये सारी बातें तो पंजाब पर हुई चर्चा के समय कह दी गई हैं। अगर आपको पंजाब के बजट पर कुछ बोलना है तो कहिये।

17.00 hrs.

प्रो० अजीत कुमार मेहता : सभापति जी, मैं कह रहा था कि पंजाब में जो स्थिति है,

उसमें जल्दी-से-जल्दी सुधार लाना चाहिए । अन्त में मैं यह कहना चाहता हूं कि पंजाब में बड़ी तोड़फोड़ हुई है । बहुत सी जानें गई हैं । इसलिए आवश्यक है कि पुर्नवास के लिए और अधिक राशि का प्रवधान किया जाना चाहिए । जिन परिवारों को क्षति हुई है, उनको अधिक-से-अधिक सहायता दी जा सके ।

17.00 hrs

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

पंजाब की समस्या प्रशासनिक समस्या नहीं थी । यह एक राजनीतिक समस्या थी । इस समस्या का निदान सभी दल के लोग मिल-बैठकर करें । आनन्दपुर साहब के प्रस्ताव को भूल जाइये। विपक्षी दलों का उसको कभी समर्थन प्राप्त नहीं हुआ । इसलिए उस प्रस्ताव को भूल कर समस्या का समाधान निकालिए । सभी उग्रवादियों को हम मुख्य धारा से काट पायेंगे और समस्या का समाधान हो जाएगा । इन शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया ।

MR. DEPUTY SPEAKER : I may inform the Hon. Members that one hour has been allotted for this bill. We have already taken 1-1/2 hours. We have got the next item-Half-an-Hour discussion. Therefore I would request the Hon. Members to be brief in speech and I am allowing each Hon. Members 5 minutes. Now, Mr. Harish Kumar Gangwar to speak.

श्री हरीश कुमार गंगवार (पीलीभीत) : सभापति जी, पंजाब के लोग बड़े बहादुर होते हैं । अपनी बहादुरी का सिक्का उन्होंने हिन्दुस्तान-भर में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी जमाया है । सबसे पहले पंजाब को धक्का लगा जब हिन्दुस्तान के टुकड़े होकर पाकिस्तान बना । बहुत बर्बादी हुई । लेकिन पंजाब के लोगों ने अथक परिश्रम करके आज उसको हिन्दुस्तान का नम्बर एक का राज्य बना दिया है । उन्होंने उद्योग धंधे स्थापित किए । खेती को अच्छा किया । फौज में सबसे अधिक नौजवान पंजाब ने दिए, जिन्होंने हमारी सेवा की । पंजाब उस धक्के को सहन कर गया जो विभाजन में हुआ । उस वक्त पंजाब जल रहा था । आज दूसरा धक्का लगा है इन आतंकवादियों से । इसके लिए पूरी सिक्ख कौम को दोष देना बहुत बुरी बात होगी । इससे अधिक कोई गलत बात नहीं हो सकती ।

यह वह कौम है, जिसने कभी हाथ नहीं फैलाया और भीख नहीं मांगी और हिन्दुस्तान को आगे बढ़ाने में हमेशा मदद की । मैं इस बात में नहीं जाना चाहता कि गलती किसने की है । मैं यह मांग करता हूं कि एक उच्चस्तरीय आयोग बनाया जाए, इन तमाम घटनाओं की जांच करने के लिए, जिससे वास्तविकता का पता चल सके । श्वेत-पत्र जारी करने या स्पीचेज देने से कुछ नहीं होता है । उच्चस्तरीय आयोग बैठने से पता चलेगा कि किन कारणों से यह सब हो रहा है । जो लोग मारे गए हैं, चाहे वह फौज के हों या आम जनता के लोग हों, उन सबको ज्यादा-से-ज्यादा पूरा मुआवजा मिलना चाहिए अगर उनके मकानों या जायदाद का नुकसान हुआ है तो उसकी क्षतिपूर्ति भी आपको करनी चाहिए जैसा कि और दंगाग्रस्त क्षेत्रों में आप किया करते हैं । हमारे जिन फौजियों ने अपनी जान पर खेलकर अपने काम को पूरा किया, उनको भी भारी रकम मुआवजा की उनके परिवारों को देनी चाहिए । लोकप्रिय सरकार की स्थापना शीघ्र-से-शीघ्र की जानी चाहिए । जब तक रिप्रिजन्टेटिव गवर्नमेंट वहां नहीं होगी तब तक काम नहीं चलेगा । वार्ता का दौर फिर से होना चाहिए और राजनैतिक मुद्दा बनाकर राजनैतिक रूप से समस्या का समाधान करना चाहिए । अगर फौज ज्यादा दिनों तक वहां रहेगी तो जैसा और जगह होता

है, वही होगा। यह बात तो निर्विवाद सत्य है कि सीमा पर से हथियार आए। इसलिए भारत और पाकिस्तान की सीमा को और टाइट करना चाहिए जिससे फिर वहां हथियार न आ सकें। यह साबित करना मुश्किल होता है कि किस देश के जरिए उनको लाया गया। जान भी जाएं तो भी नाम लेना मुश्किल होता है। पंजाब से लेकर राजस्थान तक जितनी सीमा पाकिस्तान से लगी हुई है, उस पर कड़ी निगरानी रखी जानी चाहिए। अखबारों में छपा है कि आतंकवादियों के साथ-साथ सी० आई०ए० का भी इसमें हाथ है। इसकी जांच होनी चाहिए। यह पता लगाना चाहिए कि कौन-कौन व्यक्ति इसमें इन्वाल्वड हैं। मैं यह कह सकता था कि सरकार को इस्तीफा देना चाहिए क्योंकि वह अटर फैल्योर रही है। चार-पांच महीने के बाद तो आप खुद ही हट जायेंगे। बहुत बार आप कहते हैं कि ठीक समय पर इलाज कर दिया। पैर में दर्द शुरू हुआ तो दर्द की गोली नहीं दी, वह फोड़ा बन गया। उसका इलाज नहीं हुआ तो डाक्टर ने कहा कि पैर काटने से काम चलेगा। आपने पैर काट दिया। यह कौन-सा इलाज हुआ? अगर शुरू में इलाज कर देते तो यह दर्द ठीक हो सकता था। आपने एक टांग काटकर पूरे पंजाब को पंगु बना दिया। अभी पनिका जी ने कहा कि साम्प्रदायिक शक्तियों के साथ विरोधी दल वाले मेल करते हैं।

मैं यह पूछना चाहता हूं कि केरल में मुस्लिम लीग के साथ मिलकर किसने सरकार बनाई, बम्बई में शिव सेना के साथ किसने समझौता किया। अकाली दल के साथ मिलकर पंजाब में किसने सरकार बनाई, अकालियों को बढ़ावा दिया, किसने उनके साथ समझौता किया—कांग्रेस आई ने और इंदिरा गांधी की सरकार ने। इतना ही नहीं, त्रिपुरा में आनन्दमार्गियों के साथ चुनाव समझौता किसने किया और अब परसों या उससे एक दिन पहले अखबारों में निकला है कि आजकल श्रीमती इन्दिरा गांधी की आर. एस. एस. के चीफ श्री देवराज से बात हो रही है। यह मैं नहीं कह रहा हूं, अखबारों में निकला है। इस समय यहां पर राम प्यारे पनिका जी बैठे नहीं हैं, शायद उन्होंने पिछला इतिहास नहीं पढ़ा। सिर्फ बोलने से मतलब है। लेकिन साम्प्रदायिक शक्तियों के साथ, वोट की खातिर, सरकार बनाने के लिए कांग्रेस आई और श्रीमती इन्दिरा गांधी ने जितने समझौते किए हैं, उतने पहले शायद कभी नहीं हुए और जवाहर लाल नेहरू इससे हमेशा अलग रहे। इसलिए श्रीमन् मैं कहना चाहता हूं कि आप सबसे बड़े साम्प्रदाकि हैं, साम्प्रदायिक शक्तियों के साथ आप समझौता करते हैं और इसी कारण हिन्दुस्तान में साम्प्रदायिकता बढ़ती जा रही है।

(व्यवधान)

MR. DEPUTY SPEAKER : If everybody continues like this, will have to call the Minister to reply. Already 1 hour is over.

श्री हरीशकुमार गंगवार : हाफ-ए-मिनट सर। अब मैं कार-सेवा के बारे में थोड़ा सा जिक्र करना चाहता हूं।

MR. DEPUTY SPEAKER : I do not know whether anybody has gone through this Budget. You are not speaking on budget. All other things are being said which are quite irrelevant to the subject. I am quite helpless. How can I convince Shri Gangwar ?

SHRI HARISH KUMAR GANGWAR : I am speaking on the budget. Please pick up my speech and delete all the lines which are not relevant. Have you listened to Shri Ram Pyare Panika's speech, Sir ? Is it relevant ?

MR. DEPUTY SPEAKER : I am going to ask the Minister to reply. I am not going

to allow anybody to speak. One hour is over.

श्री हरीश कुमार गंगवार : किसने इस देश में साम्प्रदायिक शक्तियों के साथ समझौता करके उनको बढ़ावा दिया ।

(व्यवधान)

अब मैं कार-सेवा के सवाल पर श्रीमन् कुछ कहना चाहता हूं । जब कार-सेवा का मामला आया, तो संता सिंह जी के जरिए, यह सरकार कार-सेवा करा रही है । उधर गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति की ओर से यह झगड़ा मचाया जा रहा है कि संता सिंह जी कार-सेवा नहीं कर सकते, हमें इस सेवा को करना चाहिए, लीगली कार-सेवा करने का हक हमारा है । श्रीमन् ऐसा लगता है, जिस तरह प्राइम मिनिस्टर, मुख्य मंत्रियों या दूसरे मन्त्रियों के लिए ट्रकों में लोगों को ला-लाकर भीड़ इकट्ठी कराई जाती है, उसी तरीके से ट्रकों में इधर-उधर से लोगों को लाकर वहां भी भीड़ जुटाई जा रही है, ताकि कार-सेवा करवाई जा सके । मैं आपसे कहता हूं कि आप जल्दी ही इस समस्या पर समझौता करवाइये ताकि झगड़े का अन्त हो सके और मिलिटरी को वहां से जल्दी-से-जल्दी हटाया जा सके ।

MR. DEPUTY SPEAKER : Now, the Minister will reply. One hour has been allotted for Punjab Budget. Nobody speaks on budget. Everybody speaks on politics. We are very much behind the schedule with regard to the legislative business We have not done anything else.

(*Interruptions*)

MR. DEPUTY SPEAKER : Of course, other speeches which are very useful are made. If every Member can assure me that we will speak only on the Budget of Punjab I will allow all of you. Everyone shall not speak for more than three minutes. Politics is not the matter under discussions. We are discussing Punjab Budget because there is no Government there and it is Centre's work. I want your suggestions on that.

What do you want him to delete, what do you want him to add; on what points you want the Minister to reply, and whether you expcet him to delete or add anything. Am I to educate you? You are all learned, knowledgeable and Honourable Members of this great House.

If anybody speaks on anything other than the Punjab Budget, I will stop him.

(*Interruptions*)

They are irrelevant to the subject matter of discussion.

Now Shri Sunder Singh. He will speak only on Punjab Budget, for three minutes. Anything other than that, shall be treated as irrelevant.

I am not concerned with any side, or any Member. There should be some seriousness in the discussion. We cannot find a solution to your political issues and political problems. This House is not intended for that purpose.

श्री गिरधारी लाल व्यास : उपाध्यक्ष महोदय, यह कोई न्याय है कि उधर के लोग आधे घण्टे तक बोलें और अब आप हमें 3 मिनट दे रहे हैं ?

MR DEPUTY SPEAKER : Please sit down.

श्री सुन्दर सिंह (फिल्लौर) : डिप्टी स्पीकर साहब, पंजाब के मुताल्लिक मैं कहना चाहता हूं कि टैरेरिस्ट्स ने जो वहां काम किया है, इससे 2-3 साल से वहां बदअमनी रही है । गरीब लोग वहां पर सहमे हुए थे, वहां इण्डस्ट्रीज में कोई काम नहीं हुआ, इण्डस्ट्रियलिस्ट्स वहां से भाग रहे हैं । वहां पंजाब में जो इस वक्त गड़बड़ हुई है, उसकी वजह से वहां हालात बहुत खराब हैं । वहां गरीब जमींदार और गरीब किसान बहुत खराब

हुए हैं, उनका बहुत नुकसान हुआ है। गवर्नमेंट को चाहिए कि ज्यादा-से-ज्यादा पैसा उनके लिए एलाट करे।

जहां तक हरिजनों का ताल्लुक है वहां गरीब किसान काम करते हैं जिनकी जमींदारों से भी ज्यादा हालत खराब है। सरकार को हरिजनों के लिए 40 करोड़ रुपया एलाट करना चाहिए जिससे वह वहां जाकर आबाद हों। जो बड़े जमींदार हैं, वह तो शहर में आकर खाते हैं, जो हमारे गरीब आदमी हैं, वह काम करते हैं खेतों में, उनके लिए सहायता करनी चाहिए।

मैं खुद भी एक जमींदार हूं, मैंने खुद ने काश्तकारी की है। अगर आप पंजाब में लैंड रिफार्म करते तो आपके जमींदारों के बच्चे भी हमारी तरह रोटी के लिए भागते। सेंट्रल गवर्नमेंट कहती है कि वह बड़े बहादुर हैं। वह बड़े बहादुर नहीं हैं, उन्होंने पंजाब का सत्यानाश किया है।

यह जो बड़ी भारी कान्फ्रेंस यू.एस.ए. में हुई है, न्यूयार्क में वहां के बड़े-बड़े आदमी हिन्दुस्तान के बरखिलाफ नारे लगाते रहे हैं। वहां कहते हैं कि पंजाब अलग चाहिए। वह इन्दिरा जी के बरखिलाफ बोलते हैं। मैं कहता हूं कि जो महात्मा गांधी और पं० जवाहर लाल नेहरू ने काम किये हैं, वे अमर रहें। आज वहां पर लोग हिन्दुस्तान का सत्यानाश करना चाहते हैं। छम्ब जोड़ियां में हमला हुआ तो हरिजन वहां गए थे।

राजपूत और बड़े जमींदार वहां नहीं गए थे। वहां पर जो मरे हैं, वे सब हरिजन थे। हिन्दुस्तान में मन्दिरों, मस्जिदों और गुरुद्वारों के पास बहुत जमीनें हैं। अगर वे जमीनें गरीबों को दे दी जाएं तो उनकी हालत सुधर सकती है।

Where should you seek for God? Are not the poor, the miserable and the down-trodden God? Worship them first. I do not believe in a God and religion who cannot wipe out tears from the widow's face and cannot bring morsel of food to the orphans mouth.

महात्मा गांधी मन्दिर, मस्जिद या गुरुद्वारों में नहीं जाते थे, क्योंकि वह समझते थे कि परमात्मा हर जगह है। इकबाल ने कहा है:

मन्दिर और मस्जिद में समझा है कि तू खुदा है,
खाके-वतन का मुझको हर जर्रा देवता है।

कहा जाता है कि पंजाब से आर्मी को विदड्रा (withdraw) कर लेना चाहिए। तो फिर लोगों को बचाने का काम कौन करेगा? मैं कहना चाहता हूं कि जब तक पंजाब की हालत बिल्कुल ठीक न हो जाए, तब तक आर्मी को वहां पर रहना चाहिए। महात्मा गांधी ने कहा :—

> "The better mind of the world desires today not absolutely independent States warring one against another, but a federation of a friendly interdependent States."

हर एक आदमी को उग्रवादियों की मुखालिफत करनी चाहिए थी, लेकिन आपोजिशन वाले उनकी मदद कर रहे हैं। इससे उनको बहुत नुकसान उठाना पड़ेगा। यदि पंजाब में आर्मी एक्शन लेने पर श्रीमति इन्दिरा गांधी की स्पोर्ट करते तो उनको वोट मिल जाते। लेकिन अब उनको कोई वोट नहीं मिलेगा।

श्री रीत लाल प्रसाद वर्मा (कोडरमा) : उपाध्यक्ष महोदय, आज हम संसद में पंजाब का बजट डिसकस कर रहे हैं, जबकि 6 अक्तूबर को वहां पर राष्ट्रपति शासन समाप्त होगा। अब आपरेशन ब्लूस्टार वहां पर समाप्त

हो गया है और राज्य नार्मल्सी की ओर बढ़ रहा है, इसलिए अब वहां पर राष्ट्रपति शासन को समाप्त करके लोकप्रिय शासन की स्थापना करनी चाहिए या निलम्बित विधान सभा को डिजाल्व कर देना चाहिए।

पंजाब एक ऐसा राज्य है, जो कृषि, उद्योग और अन्य क्षेत्रों में देश-भर में सबसे आगे था। वहां की पर-कैपिटा इनकम देश के सभी भागों की तुलना में ज्यादा है। लेकिन पिछले तीन वर्षों में उसकी व्यवस्था जर्जर हो गई है, आर्थिक गिरावट आ गई है और केन्द्र सरकार की ओर से उसको आर्थिक सहायता देकर खड़ा करने का प्रयास किया जा रहा है।

आज वहां की आर्थिक स्थिति बड़ी भवावह, दर्दनाक और गम्भीर बन गई है। यदि सरकार ने पहले से ही ऐक्शन लिया होता तो यह नौबत न आती। पनिका जी ने चौधरी चरणसिंह और वाजपेयी जी का नाम लिया लेकिन मैं उनको बताना चाहूंगा कि बी.जे.पी. के तीस हजार लोगों ने इस बात की मांग की थी कि पंजाब में फौजी आपरेशन की आवश्यकता है पर आपकी सरकार की समझ में नहीं आया।

(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय, पंजाब के जालंधर, अमृतसर, लुधियाना आदि जो शहर हैं वह औद्योगिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण हैं परन्तु उनकी हालत बड़ी दयनीय बन गई है। एक करोड़ तो नगरपालिका में ठेकेदारों का बकाया है जोकि मार्च तक उन्हें मिल जाना चाहिए था। पूंजी से जो आय होती थी उसमें भी 50 परसेंट की गिरावट आई है। इतनी बदतर स्थिति आज वहां पर हो गई है। जालंधर में एशिया की सबसे बड़ी री-रोलिंग मिल है लेकिन उसका काम भी ठप्प है। इसी प्रकार से लुधियाना में वूलेन होजरी का सबसे बड़ा उद्योग है लेकिन वह भी टप्प पड़ा है। यही स्थिति अन्य जगहों की भी है। सरकार इस स्थिति को सुधारने के लिए तुरन्त कार्यवाही करे।

मेरा यह भी सुझाव है कि वहां पर सैनिक कार्यवाही से जो बरबादी हुई है या जो हत्यायें की गई हैं या जो बैंकें लूटी गई हैं या जो भी अन्य प्रकार भी बरबादी की गई है उसको सुधारने के लिए सरकार तुरन्त कार्यवाही करे। जो भी जवान मारे गए हैं उनके आश्रित परिवारजनों को एक-एक लाख रुपए का तुरन्त मुआवजा दिया जाए तथा साथ-ही-साथ राजस्थान नहर के किनारे जमीनें देकर प्राथमिकता के आधार पर उनको बसाया जाए। इसी प्रकार से जो अन्य बेकसूर लोग वहां पर मारे गए हैं उनके आश्रित परिवारजनों को एक लाख रुपया दिया जाए। जिनकी उम्र 25 से 50 के बीच में थी और जो परिवार को चलाने वाले थे उनके लिए एक लाख का मुआवजा दिया जाए।

इसके साथ-साथ मेरा यह भी निवेदन है कि स्वर्ण मन्दिर परिसर के आस-पास जो 800 दूकानें बरबाद हो गई हैं, उन लोगों का पीड़ित संघ यहां पर आकर प्रधान मन्त्री से मिला था और उन्होंने मांग की थी कि उनकी भी मदद की जाए। इन 800 लोगों के जो परिवार हैं उनको तुरन्त बसाने को व्यवस्था की जाए तथा उनको उदारतापूर्वक मुआवजा दिया जाए। अनुग्रह भुगतान की व्यवस्था तो तुरन्त की जानी चाहिए। यदि आप उनको गोल्डेन टेम्पल के अगल-बगल अब न रखना चाहें सुरक्षा के दृष्टिकोण से तो कोई अलग मार्केट बनाकर उनको बसाने की व्यवस्था की जाए। इसी प्रकार से जितने भी उद्योग-धंधे बन्द हुए हैं उनको पुनः चलाने के लिए प्रोत्साहन दिया जाए। इसी प्रकार से जो वहां पर खेती-बाड़ी का काम बन्द हुआ है बिजली के अभाव में, वहां

पर 80 हजार ट्यूबवैल हैं और साढ़े चार करोड़ रुपये के बिजली के बिल का भुगतान बकाया है जिनके सम्बन्ध में कार्यवाही की जा रही है उसको रोका जाए। पैकेज प्रोग्राम के आधार पर कृषि तथा औद्योगिक विकास के जो कार्यक्रम हैं उनको द्रुत गति से लागू किया जाए। साथ ही ला एण्ड आर्डर में सुधार लाया जाए ताकि फिर से पंजाब एक औद्योगिक प्रांत बन सके। वहां पर सामान्य स्थिति आ सके, इसके लिए आप हर प्रकार की कार्यवाही करें।

———

17.29 hrs.

HALF AN HOUR DISCUSSION

Power Requirements and Production

MR. DEPUTY SPEAKER: We will now take up Half-an-Hour discussion. It has been already announced from the Chair that we have to complete the items of business that have already been listed for today. Therefore, after the Half-an-Hour discussion we will continue.

SHRI HARIKESH BAHADUR (Gorakhpur): How is it possible?

MR. DEPUTY SPEAKER: I have already announced. It is up to you. This has already been announced before I came. After Half-an-Hour discussion we will take up Pondicherry budget also.

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर): उपाध्यक्ष जी, आज की आधे घंटे की चर्चा अत्यन्त ही महत्वपूर्ण है और जो देश पर बिजली संकट है, उसके ऊपर हम चर्चा करने जा रहे हैं। मेरे द्वारा 24 जुलाई को पूछे गए प्रश्न पर जो मन्त्री महोदय ने जवाब दिया था, उससे सम्बन्धित जो पूरक प्रश्न बचे थे, उसके सम्बन्ध में यह चर्चा होने जा रही है।

उस दिन राज्य मन्त्री जी ने अपने जवाब में कहा था कि इस देश में बिजली की आवश्यकता 156 बिलियन यूनिट की है। उसके एगेंस्ट में 140 बिलियन यूनिट बिजली पैदा हो रही है। सरकार के आंकड़ों के मुताबिक यदि 16 बिलियन यूनिट बिजली और पैदा हो जाए तो देश की आवश्यकतायें पूरी हो जायेंगी। उस प्रश्न के जवाब में मन्त्री जी ने विशेषज्ञों की आड़ ली और तीन-चार और बातों का जिक्र किया। पहली बात यह है कि बिजली की व्यवस्था करना, उपलब्ध कराना राज्य सरकार का काम है और केन्द्रीय सरकार का दायित्व नहीं है। फिर उन्होंने एक बात और कही, यह कहना सम्भव नहीं है कि कब तक मांग की पूर्ति हो जाएगी। मैं पहले, उपाध्यक्ष महोदय, आपका ध्यान खींचना चाहूंगा कि जैसा कि मन्त्री जी ने कहा कि बिजली का उत्पादन 85 से 90 प्रतिशत आवश्यकता के अनुसार हो रहा है, यह आंकड़ा मन्त्री महोदय को किसने दिया है, किस आधार पर दिया है? यह बात अभी भी मेरे दिमाग में नहीं बैठती है। जिस वक्त मन्त्री महोदय ने यह बात कही थी, तो विरोध पक्ष के लोगों ने उसका प्रतिवाद किया था। इन्होंने कहा था कि छः घण्टे बिजली मिलती है, कहीं सात घण्टे बिजली मिलती है और यह कहा था कि छः-सात घण्टे बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के सम्बन्ध में, जिसका प्रतिवाद हम लोगों ने किया। मैं अभी पिछले दिनों अपनी कांस्टीचूयेंसी में गया था, वहां महुवा में को-आपरेटिव सोसाइटी का कोल्ड स्टोरेज है, जहां किसान अपना आलू का बीज स्टोर करता है।

मैं जब वहां गया तो मैंने उनसे इसके बारे में बात की। मैंने उनसे कहा कि मंत्री महोदय

कहते हैं कि खूब बिजली मिल रही है, आप बतलाइये कि आपको कितनी बिजली मिल रही है ? जो गवर्नमेन्ट डाक्यूमेन्ट है उसके हिसाब से मैं आपको बतला रहा हूं—20-5-1984 से 26-5-1984 तक एक मिनट के लिये भी बिजली नहीं आई। उसके बाद 6-6-1984 से 8-6-1984 तक एक मिनट के लिये भी बिजली नहीं आई। उसके बाद 12-7-1984 से 19-7-1984 तक बिजली नहीं आई। यह उस कोल्ड-स्टोरेज का हाल है जो प्रखण्ड के हैडक्वार्टर में है और जिस में ढाई हजार किसान अपना आलू रखते हैं। 8 लाख 31 हजार रुपये के उसके शेअर हैं, 13 लाख 32 हजार रुपये का उस पर सरकारी ऋण है, लेकिन उसको बिजली नहीं मिल रही है, नतीजा यह होता है कि या तो कोल्ड स्टोरेज जहन्नुम में जायेगा या किसान जिसकी सम्पत्ति वहां रखी है जहन्नुम में जायेगा।

मंत्री महोदय ने बतलाया था कि प्रदेश में पाच-छः घन्टे बिजली मिलती है। मैं उनसे एक बात कहना चाहूंगा—जब आप यह कहते हैं कि 6 घन्टे बिजली मिलती है तो आप इस बात को मानकर चलते हैं कि चौथाई बिजली मिलती है. यदि यह बात ठीक है तो आप कैसे कहते हैं कि 90 प्रतिशत आवश्यकता के अनुरूप बिजली का उत्पादन हो रहा है ? मैंने पालियामेंट में एक प्रश्न पूछा था—हिन्दुस्तान में 5,76,916 गांव हैं, इनमें से कितने गांवों में बिजली की व्यवस्था कर दी गई है ? मैंने बिहार के बारे में भी प्रश्न पूछा था और जवाब में मुझे बतलाया गया कि बिहार में 67,566 गांव हैं, मार्च 1984 तक इनमें से 32,994 गांवों का बिजलीकरण हो चुका था। इसका मतलब है कि 50 प्रतिशत का भी विद्युतीकरण नहीं हुआ, बल्कि इनमें भी सब जगह बिजली नहीं पहुंच रही है, पोल पहुंच रहे हैं, जहां पोल खड़े कर दिये हैं उन गांवों को भी इनमें गिन दिया गया है। मैं एक और उदाहरण देता हूं—राजस्थान में आवश्यकता है—180 लाख यूनिट्स की, लेकिन आपूर्ति हो रही है—केवल 75 लाख यूनिट्स की। मध्य प्रदेश की मांग है 20,358 मेगावाट्स की, आपूर्ति का तो पता नहीं, लेकिन उत्पादन हो रहा है 14,124 मेगावाट्स का। हरियाणा में 180 लाख यूनिट्स की मांग है और वह भी सिर्फ उद्योग-धन्धों के लिये, लेकिन उसमें सप्लाई हो रही है—सिर्फ 90 लाख यूनिट्स। बरौनी के थर्मल पावर स्टेशन की क्षमता 255 मेगावाट है, लेकिन उत्पादन हो रहा है - केवल 39 मेगावाट। जब सब जगहों पर डिमाण्ड के अनुरूप केवल 50 परसेंट की आपूर्ति हो रही है तब आप किस आधार पर कह रहे हैं कि 16 बिलियन यूनिट्स और हो जाय, 10 परसेंट अधिक उत्पादन हो जाये तो आवश्यकता की आपूर्ति हो जायेगी। मैं आपके इस स्टेटमेंन्ट को चैलेन्ज करता हूं। मंत्री महोदय को जो इन्फर्मेशन डिपार्टमेंट की ओर से दी गई है, उसमें डिपार्टमेंट ने उनको मिसलीड किया है। आवश्यकता, उपाध्यक्ष महोदय, बहुत अधिक है, जितना उत्पादन इस समय कर रहे हैं, यदि उसका दुगना उत्पादन भी करें, तब भी वह आवश्यकता के अनुरूप नहीं होगा।

सबसे बड़ी बात यह है—इन्होंने सब स्टेटों की बिजली को लेकर एवरेज निकाल दिया है। कई स्टेट्स में हो सकता है, बिजली का उत्पादन अधिक होता हो। लेकिन मैं बिहार से आता हूं—आप बिहार को लीजिये। मंत्री महोदय स्वयं उत्तर प्रदेश से आते हैं, वे उत्तर प्रदेश को लें और आप ईमानदारी से बतलाइये कि आप का यह कहना कहां तक सही है। हमारे यहां 29 परसेंट बिजली की कमी है। इसलिये जो आपने आंकड़े दिये हैं वे मुझको कन्विन्स नहीं कर रहे हैं। मैं यह नहीं कहता कि आपने गलत आंकड़े दिये हैं, लेकिन यह डिस्कशन इसीलिये उठाया है कि आप ठीक से जांच-पड़ताल करें और सही तथ्य सामने आ सके। आपके आंकड़े ऐसे होने चाहियें जो लोगों को कन्विन्सिंग लगें।

आपके यहां एक टर्म है टी०आर०डी०, जिसका मतलब है ट्रांसमीशन एण्ड डिस्ट्रीब्यूशन लास। मैं जानना चाहता हूं, जब आप जवाब दें तो मुझे बतलायें, आपने जो उत्पादन बतलाया है उसमें इसको इन्क्लूड करके बतलाया है या एक्सक्लूड करके बतलाया है? क्योंकि आप कहते हैं कि आपके यहां 10 से 15 परसेंट लास का मार्जिन लेकर आप चलते हैं लेकिन आपके यहां एक्चुअल लास 29 परसेंट है। तो 29 परसेंट में यह इन्क्लूडेड या एक्सक्लूडेड किये हुए हैं।

दूसरे मैं आपसे यह जानना चाहूंगा कि राजाध्यक्ष कमेटी ने भी कहा है कि जो आइडियल यूटीलाइजेशन आफ कैपेसिटी होता है, वह 55 परसेंट का होता है और यह 55 परसेंट होनी चाहिए। अभी दो साल पहले आपके यहां यूटीलाइजेशन कैपेसिटी 49 परसेंट थी और अब यह घटकर हो गया 47 परसेंट। इसका मतलब है कि एक साल में एक परसेंट। इतनी बिजली यूटीलाइजेशन कैपेसिटी के लास का मतलब होता है 500 मैगावाट और 500 मैगावाट प्लांट लगाने का मतलब होता है 500 करोड़ रुपये का घाटा और दो यूनिट आप लें तो 6 हजार रुपये का घाटा चल रहा है। राजाध्यक्ष कमेटी ने 55 परसेंट रखा था और दो साल पहले जबकि यह 49 परसेंट था, अब घटकर 47 परसेंट आ गया है। जैसा कि हम सब जानते हैं कि बिजली विकास का स्रोत है और मैं आपको बताऊं कि मैं दो महीने विदेशों में रहकर आया हूं और वहां एक मिनट, एक सैकेन्ड के लिए भी बिजली नहीं जाती है। मैं गांव-से-गांव, यूनाइटेड स्टेट्स, केनाडा और लन्दन में गरीब-से-गरीब, जो वहां के मुताबिक गरीब है, के यहां रहकर आया हूं और वहां कोई जानता भी नहीं है कि बिजली गुल हो सकती है, बिजली गायब हो सकती है लेकिन यहां पर बिजली की क्या हालत है। दिल्ली में हम लोग बैठे हुए हैं और दिल्ली में जो बिजली की हालत है, उस पर चर्चा भी काफी हो चुकी है। बिजली विकास का स्रोत है और सरकारी आंकड़ों के मुताबिक बिजली की कमी के कारण 7 हजार करोड़ रुपये से लेकर 10 हजार करोड़ रुपये का प्रति वर्ष घाटा हो रहा है विभिन्न इंडस्ट्रीज में और आर्थिक जगत में।

मैं यह भी आपको बताना चाहता हूं कि बिजली पर आपने क्या खर्च किया है। पहली योजना में पूरी योजना खर्च का 16.3 प्रतिशत खर्च किया है, दूसरी योजना में 11.2 प्रतिशत, तीसरी योजना में 15.6 प्रतिशत और पांचवीं योजना चलते-चलते आपने 18.6 प्रतिशत खर्च किया है और बिजली के उत्पादन का जो लक्ष्य था, वह प्रथम योजना में 13,000 लाख मैगावाट था जबकि आपने कुल 11,000 लाख मैगावाट उत्पादन किया। दूसरी पंचवर्षीय योजना में जहां लक्ष्य था 35,000 लाख मैगावाट का, वहां आपने उत्पादन किया 22,500 लाख मैगावाट, तीसरी योजना में 1961-66 तक जहां 70,400 लाख मैगावाट का लक्ष्य था, वहां आपने उत्पादन किया 47,150 लाख मैगावाट, वार्षिक योजना 1966 से 1969 तक जहां लक्ष्य था 54,300 लाख मैगावाट, वहां आपने उत्पादन किया 43,810 लाख मेगावाट, चौथी पंचवर्षीय योजना में जहां लक्ष्य था 92,600 लाख मैगावाट, उसके एगेंस्ट आपने उत्पादन किया 46,100 लाख मैगावाट और चौथी योजना में 1974 से 1979 के बीच में जहां लक्ष्य 1,25,000 लाख मैगावाट था, उसके एगेंस्ट आपने 1,02,000 लाख मैगावाट उत्पादन किया। जहां तक मेरी जानकारी है, 1980-85 में 20,263 मैगावाट का लक्ष्य रखा है और पता नहीं कि उत्पादन कितना हो रहा है। इस तरह से आप लक्ष्य को देखें और उत्पादन को देखें तो लक्ष्य के अनुपात में उत्पादन कुछ भी नहीं है। राजाध्यक्ष कमेटी और पार्लियामेंट की इस्टीमेट्स कमेटी ने बार-

बार दोहराया है कि यह जो घाटा हो रहा है, यह अपूर्णीय है। जब तक लक्ष्य के मुताबिक उत्पादन नहीं करते हैं, तब तक कोई काम बनने वाला नहीं है।

अब इस घाटे का कारण क्या है। कमेटी ने जो घाटे का पहला कारण दिया है वह यह है कि अच्छे कोयले की जगह पर गलत कोयला सप्लाई होता है। ऊर्जा मंत्रालय को रेल मंत्रालय के कारण जो नुकसान हुआ वह दस साल में तीन हजार करोड़ रुपये का हुआ। कोयले की जगह पर पत्थर सप्लाई किया गया। आपके बिजली बोर्ड कहते हैं कि हम लक्ष्य के मुताबिक उत्पादन क्यों नहीं कर पाये, इसलिए नहीं कर पाये कि कोयला विभाग को हमें जो कोयला देना चाहिए था वह हमको नहीं दिया गया, इसी कारण से दस साल के अन्दर 3 हजार करोड़ रुपये का उनको नुकसान हुआ। जब मंत्री जी जवाब दें तो बताएं कि इस सम्बन्ध में कोई कार्यवाही की है या नहीं।

समिति की रिपोर्ट में उपकरणों के सम्बन्ध में भी कहा गया है कि वे विलम्ब से मिलते हैं। आपके यहां एक भेल कम्पनी है। क्या उसका उत्पादन आपकी जरूरत के मुताबिक नहीं होता है? क्या भेल की तरह की आप कोई और कम्पनी भी खोलने जा रहे हैं? क्या भेल का उत्पादन ठीक तरह का नहीं होता है जिससे कि आपको उपकरण बाहर से मंगाना पड़ता है? क्या बाहर से उपकरण भेल में ठीक उत्पादन न होने के कारण मंगाये जाते हैं या कमीशन के लिए बाहर से मंगाये जाते हैं? इन सबका आप जवाब दें। समिति ने यह भी बताया है कि लोहे और सीमेंट की आपूर्ति समय पर नहीं होती है।

सबसे भयंकर बात यह है कि 1971 में हरिजन और आदिवासी लोग जो आपकी कोयला खानों में काम कर रहे थे उनकी संख्या 29 हजार थी। वह संख्या अब घटकर 15 हजार हो गई है। आपने बाहर से मशीनें मंगाई हैं। आपकी मशीनें कोयला तोड़ तो सकती हैं लेकिन वे कोयला साफ नहीं कर सकती हैं, कोयले से पत्थर को नहीं हटा सकती हैं। आपने 29 हजार गरीब लोगों की संख्या को घटाकर 15 हजार कर दिया, यह आपने उनकी रोजी-रोटी के साथ अन्याय किया है। इस तरह से दस सालों में आपके यहां 3 हजार करोड़ रुपये का घाटा हुआ।

यह बहुत गम्भीर मामला है। जब से हम यहां आये हैं, हम यह सुनते आ रहे हैं कि रेल और कोयले विभागों का आपस में कम्बीनेशन नहीं बैठता है। आपका रेल विभाग कहता है कि हमें कोयला नहीं मिल रहा है और आपका कोयला विभाग कहता है कि हमें वेगन नहीं मिल रहे हैं। आपके इन दोनों विभागों में को-आरडिनेशन होना चाहिए जो कि नहीं हो पा रहा है। ये सारी समस्याएं हैं जिनके बारे में विभिन्न समितियों ने कहा है।

सबसे पहले तो मैं मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि आपकी कोई राष्ट्रीय बिजली नीति है या नहीं? इसकी राजाध्यक्ष समिति ने भी और एस्टीमेट्स समिति ने भी मांग की है। क्या आपके पास कोई लॉग टर्म योजना है या नहीं? आप एक साल, दो साल की योजना बनाते हैं। क्यों नहीं आप सन् 2000 ईस्वी तक की योजना बनाते हैं कि उस समय तक देश को बिजली की इतनी आवश्यकता होगी और आप उसके लिए कितनी बिजली की आपूर्ति कर सकेंगे? आप 20-25 साल का प्लान बनाएं। जब आप लॉग टर्म प्लान बनायेंगे तभी आप अपने लक्ष्यों को अचीव कर पायेंगे। इसके लिए मैं इस सदन में आपसे मांग करता हूं। मैं नहीं जानता कि इस सदन के बाद हम इस सदन में होंगे या नहीं होंगे लेकिन मंत्री जी मैं आपके

बारे में जरूर चाहता हूं कि आप इस सदन में दुबारा आयें और विरोध पक्ष में रहें। जो मैं कह रहा हूं वह तो सरकार को निर्णय लेना है और वह सरकारी निर्णय होगा। हो सकता है आज आपकी सरकार है, कल को हमारी सरकार हो। लेकिन सरकार का एक निश्चित कार्यक्रम, एक निश्चित योजना होनी चाहिए। आप उस योजना के बारे में एक श्वेत-पत्र निकालें। उसमें आप बताएं कि आगामी 20-25 सालों में देश को कितनी बिजली की आवश्यकता होगी और उसकी कितनी पूर्ति आप जल बिजली, कितनी पूर्ति ताप बिजली और कितनी पूर्ति परमाणु शक्ति के द्वारा करने जा रहे हैं। किस-किस स्रोत से आप कितनी-कितनी बिजली उत्पन्न करेंगे।

आपको राजाध्यक्ष समिति ने, एस्टीमेट्स कमेटी ने अपनी-अपनी रिपोर्ट दे दी हैं। उनकी रिकमण्डेशंस के बारे में आपने अब तक क्या किया, यह आपको बतलाना चाहिए। आपने हमेशा नेशनल ग्रिड और क्षेत्रीय ग्रिड का मामला उठाया है। मैं आपको कहना चाहता हूं कि किसी प्रदेश में बिजली एक्सट्रा है, किसी प्रदेश में बिजली की कमी है। यह जो एकदम अपोजिट चीजें हैं इनको दूर किया जाए। इसके लिए जब तक आप क्षेत्रीय ग्रिड नहीं बनायेंगे तब तक यह समस्या दूर नहीं होगी। मैं यह नहीं कहूंगा कि आप इसको पूरी तरह से केन्द्र में मिला दें लेकिन मैं यह जरूर कहूंगा कि बिजली का सवाल देश का एक अहम सवाल है। इसको आप राज्य सरकारों पर डालकर अपने उत्तरदायित्व से नहीं बच सकते। इसे आप बेशक केन्द्र का दायित्व कहिये या और कुछ कहिये।

विभिन्न कमेटियों ने अपनी रिपोर्ट दी है। अगर पूर्णत: नहीं ले सकते हैं तो 45 परसेंट ही करें। एस्टीमेट कमेटी रिपोर्ट पर मंत्रालय की तरफ से बताया गया था कि 45 परसेंट हम धीरे-धीरे एचीव कर लेंगे। यह 1980-81 की रिपोर्ट है। आज 5 साल हो गए हैं। कितना आपने एचीव किया है। सरकार अपनी जवाब देही से नहीं भाग सकती। बिजली की समस्या एक राष्ट्रीय समस्या है। अगर हम इस मामले में आत्म-निर्भर नहीं होंगे तो किसी भी क्षेत्र में उन्नति नहीं हो सकती है। बाकी चीजों के बगैर आपका काम चल सकता है, लेकिन एनर्जी की आवश्यकता हर चीज में पड़ती है। इस मामले में लापरवाही बरती गई तो देश आगे नहीं बढ़ेगा, बल्कि पीछे भागेगा। जैसा कि मैंने आंकड़े से साबित किया है। पहले यूटीलाइजेशन था 49 परसेंट। अब हो गया है 47 परसेंट। मंत्री महोदय ने बतलाया है कि आवश्यकता के अनुरूप 90 परसेंट हमारा उत्पादन बिजली का हो रहा है। 156 बिलियन यूनिट बिजली की आवश्यकता इस देश में है। इसके अनुरूप 140 बिलियन यूनिट पैदा हो रही है। तो यह गलत बात है। आप एवरेज को मत देखिए। जो कठिनाई किसान फेस करता है, कल-कारखाने फेस करते हैं और जन-प्रतिनिधि होने के कारण हमारे पास जो शिकायतें सुनने को आती हैं, उनकी ओर आपको ध्यान देना है। अपने अफसरों की लगाम भी थोड़ा कस कर रखिए। घोड़ा अगर मजबूत हो और बैठने वाला कमजोर हो तो घोड़ा उसको उठाकर फेंक देता है। अगर बैठने वाला मजबूत हो तो घोड़ा अपनी चाल से चलता है। इसलिए अपने आपको मजबूत कीजिए, यही मैं आग्रह करता हूं।

ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आरिफ मोहम्मद खां) : माननीय उपाध्यक्ष जी, 24 तारीख को जब माननीय सदस्य ने यह प्रश्न उठाया था, उस वक्त जो मैंने जवाब दिया था, वह उन तथ्यों और आंकड़ों पर आधारित है। जो आंकड़े जैसा कि माननीय सदस्य ने कहा कि विशेषज्ञों द्वारा दिए गए हैं। विद्युत का

उत्पादन, वितरण और किन-किन क्षेत्रों में कितनी आवश्यकता है, इसके लिए विशेषज्ञों की मदद लेना नितांत आवश्यक है। इस बात को माननीय सदस्य भी स्वीकार करेंगे। मेहता जी भी इसको मानेंगे क्योंकि वे इंजीनियरिंग कालेज में पढ़ाते हैं। बल्कि नान टेक्नीकल लोग इस काम को अपने हाथ में नहीं ले सकते। कहां कितनी आवश्यकता है, उस आवश्यकता को तय करने के लिए एक मापदण्ड बनाना होता है और उसके आधार पर आंकड़े तय किए जा सकते हैं। शुरू से ही इलेक्ट्रिक पावर कमेटी आफ इंडिया के नाम से एक समिति बनाई जाती है। इस समिति के अध्यक्ष सेंट्रल इलेक्ट्रिक अथारिटी के चेयरमैन होते हैं और इसके सदस्यों में मेंबर, प्लानिंग सी.ई.ए., प्लानिंग कमीशन के जो एडवाइजर हैं, विशेषज्ञ हैं, वे सदस्य होते हैं। इसके अलावा नार्दन रीजनल इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, वेस्टर्न रीजनल इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, सदर्न रीजनल इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, ईस्टर्न रीजनल इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, नार्थ ईस्टर्न रीजनल इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, जाइंट सेक्रेटरी प्लानिंग, मिनिस्ट्री आफ फाइनांस, ये इसमें होते हैं। इनके अलावा इंडियन स्टेटिस्टिकल इंस्टीट्यूट का एक प्रतिनिधि भी इस समिति का सदस्य होता है और इसके बाद कृषि मंत्रालय, उद्योग-मंत्रालय और विद्युत विभाग का भी एक-एक प्रतिनिधि इस समिति में होता है।

विद्युत विभाग का भी एक प्रतिनिधि इसमें होता है। इसके साथ-ही-साथ डिपार्टमेंट आफ एटोमिक एनर्जी का भी एक प्रतिनिधि इस समिति में होता है। कुछ और अधिकारी होते हैं जो इस समिति से संबंधित होते हैं। इस समिति का कार्य-काल पांच साल के लिए होता है। मापदंड के आधार पर यह समिति निर्धारित करती है कि हमारी आवश्यकता क्या होगी। इस समिति की संस्तुति होने के बाद सेन्ट्रल इलेक्ट्रीसिटी अथारिटी आखिरी फैसला करती है कि इस साल के लिए हमारी क्या आवश्यकता होगी? जब हम यह कहते हैं कि क्या आवश्यकता होगी तो उससे हमारा तात्पर्य यह नहीं होता कि कुल कितनी बिजली की खपत होगी। मिसाल के तौर पर आने वाले साल में एयर कंडीशनर दिल्ली में ज्यादा लगाए जाएं जितने हमने नहीं सोचे थे या दूसरे यंत्र लगाए जाएं तो जाहिर है कि हमने जो असेसमेंट किया है, उसमें थोड़ी गड़बड़ी तो आ ही जायेगी। मुझे यह स्वीकार करने में कोई कठिनाई नहीं है कि देश के विभिन्न भागों में बिजली की आवश्यकता की जो ग्रोथ है, उसमें हमारे असेसमेंट से ज्यादा बढ़ोत्तरी हुई है।

श्री राम विलास पासवान : ऐसा नहीं है।

श्री आरिफ मोहम्मद खां : आवश्यकता में बढ़ोत्तरी की बात कर रहा हूं। हमारे असेसमेंट से काफी आगे बढ़ गई है। बुनियादी जरूरतों के लिए जहां बिजली की जरूरत है, हमारा जो असेसमेंट होगा, वह इस आधार पर होगा कि हमारे औद्योगिक विकास के लिए कितनी बिजली की आवश्यकता है। इस पर भी आधारित होगा कि कृषि क्षेत्र के लिए बिजली की कितनी आवश्यकता है? यह निर्धारित नहीं होगा कि कितने एयर-कंडीश्नर्स, हीटर्स या दूसरी सुविधाओं की चीजों का कितना इस्तेमाल किया जायेगा। इस वक्त 12वीं इलेक्ट्रीक पावर कमेटी काम कर रही है। मैं 11वीं कमेटी की बात कर रहा हूं। यह मामला शायद राज्याध्यक्ष कमेटी के सामने भी आया था। मिसाल के तौर पर पंजाब के बारे में जब असेसमेंट किया जा रहा था तो उस वक्त यह बात ध्यान में नहीं रखी गई थी कि पंजाब का किसान एकदम तेजी के साथ चावल की खेती की तरफ ज्यादा ध्यान देने लगेगा। बुनियादी असेसमेंट यह था कि मानसून के समय पंजाब में बिजली की आवश्यकता कम होगी। बाद में यह पता चला कि मानसून में कुल बिजली की

खपत कृषि के क्षेत्र में दूसरे सीजन से भी ज्यादा हो गई। यह ऐसा फैक्टर था, जिसको इस कमेटी ने अपने कंसीडरेशन में नहीं लिया था। यह आवश्यकता उस समय नहीं थी जब कमेटी ने असेसमेंट किया था। एक बात पर बार-बार जोर दिया जा रहा है कि जितनी हमारी आवश्यकता है, उसका 85 प्रतिशत अगर उत्पादन है तो फिर छः या सात घन्टे बिजली क्यों दी जा रही है ? मैंने यह कहा था कि 156 बिलियन यूनिट की आवश्यकता निर्धारित की है और 140 बिलियन यूनिट उत्पादन हुआ है। इसलिए माननीय रामविलास पासवान जी ने हाफ-एन-आवर डिस्कशन मांगते हुए अपने एक्सप्लेनेटरी नोट में जो कारण दिए हैं, वे यही है कि जब केवल पन्द्रह प्रतिशत कमी है, एक्सप्लेनेटरी नोट में ही नहीं लिखा है, बल्कि यहां पर कहा भी है······

श्री राम विलास पासवान : वही तो मैं जानना चाहता हूं कि आवश्यकता तो 156 मिलियन यूनिट्स की है और आप 85 प्रतिशत कर पाये हैं।

श्री आरिफ मोहम्मद खां : उसी के बारे में तो मैंने बताया कि हमारी एक समिति इस बारे में निर्णय करती है कि साल-भर के लिए कितनी आवश्यकता होगी और कितनी उपलब्ध है······

श्री राम विलास पासवान : आप भी तो बताइये कि आप क्या देखते हैं।

श्री आरिफ मोहम्मद खां : मैं यही देखता हूं कि उस समिति और आपमें समन्वय स्थापित कैसे करा सकूं। श्रीमन् यदि सामने से देखा जाए तो बहुत ठीक सवाल लगता है, लेकिन बिजली के संदर्भ में देखिए तो बहुत सुसंगत सवाल नहीं है। पैराडौक्सिकल इसलिए नहीं है कि हमारे किसानों ने जिस वक्त गेहूं की फसल बोयी होती है, उस वक्त से लेकर गेहूं के कटने तक देहाती क्षेत्रों में बिजली की जितनी आवश्यकता होती है, वह मानसून के महीनों में नहीं होती। सिर्फ मैं मानसून और किसानों की ही बात नहीं करता, आप दिल्ली में ही देख लीजिए, हमारी मई और जून के महीनों में जितनी बिजली की आवश्यकता है, वह आवश्यकता अक्तूबर-नवम्बर और दिसम्बर महीनों में नहीं है। वह बदलती रहती है।

श्री राम विलास पासवान : उस वक्त एअर-कण्डीशनर चलते हैं तो नवम्बर-दिसम्बर में हीटर चलते हैं···

(व्यवधान)

18.00 hrs.

श्री आरिफ मोहम्मद खां : लेकिन मीटर यह बताता है कि उन महीनों में बिजली की खपत कम है। उस समय, जब गेहूं बोया हुआ हो, तो चार-पांच बार गेहूं को पानी देने के लिए सारे किसानों को एक ही समय पर बिजली चाहिए। इसीलिए उस वक्त बिना राशनिंग के काम नहीं चल सकता। यह सम्भव ही नहीं है कि एक वक्त आप सबको बिजली दे सकें। अगर माननीय राम विलास पासवान जी दिन में तीन बार तीन कप चाय पीते हैं तो कोई जरूरी नहीं उनको पूरे 24 घण्टों में बांट कर पियें, उनके बीच में आठ-आठ घण्टे का अन्तराल रहे, एक साथ भी वे तीनों कप पी सकते हैं, उनको दो-तीन बार में भी पी सकते हैं। हमारी समस्या भी यही है।

श्री राम विलास पासवान : फिर तो आप छः घण्टे तक ही अपने क्वार्टर में बिजली रखिए···

श्री आरिफ मोहम्मद खां : छः घण्टे वाली बात बिजली से सम्बन्धित नहीं है, क्योंकि बिजली का वितरण करना सम्भव नहीं है। मैं आपके प्रश्न का जवाब अवश्य दूंगा। वैसे यह

राज्य सरकारों का विषय है और उनकी तरफ से जो जवाब हमें प्राप्त होता है, वही मैं आपके सामने रखता हूं। यहां मेरे मत का प्रश्न नहीं है कि मेरी यह राय है। यह संवैधानिक मामला है, कानूनी मामला है और बिजली के वितरण का कार्य राज्य सरकारों को देखना है। जब वे इस काम को देखती हैं तो उनसे जो उत्तर मुझे यहां प्राप्त होता है, वही सूचना हम आपको उपलब्ध करवा देते हैं।

जहां तक आपने अपने क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज का प्रश्न उठाया, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मैं प्रदेश सरकार का ध्यान इस ओर दिलाऊंगा। लेकिन आप इसी मामले में देखिए। मिसाल के तौर पर यह पूछें कि वैस्ट बंगाल की कुल उत्पादन क्षमता कितनी है, वहां के जो आंकड़े मैंने आपको बताए, छः घण्टे बिहार में बिजली मिलती है, सात घण्टे उत्तर प्रदेश में, लेकिन वे सारे आंकड़े प्रदेश सरकारों से हमें उपलब्ध होते हैं। उनकी सूचना के अनुसार वैस्ट बंगाल में ग्रामीण क्षेत्रों को बिजली देने पर कोई पाबंदी नहीं है। इसका मतलब यह हुआ कि वहां 24 घण्टे बिजली उपलब्ध है। मैंने यहां पर अपने विवेक का इस्तेमाल नहीं किया। वैस्ट बंगाल की कुल कितनी उत्पादन क्षमता है और वहां कितनी आवश्यकता है, क्या यह सम्भव है कि वे उसका उपयोग दिन-रात नहीं कर सकते, इन सारे प्रश्नों के उत्तर के लिए हमको वहां की सरकार पर आश्रित रहना पड़ता है, जो सूचना वे हमें भिजवाते हैं, उस पर ही निर्भर करना पड़ता है और वही मैं आपको यहां दे रहा हूं। यदि आप वाला मापदण्ड वहां पर लागू किया जाए, उसमें दोनों चीजों में कोई तालमेल नहीं बैठेगा कि वहां कितनी आवश्यकता है और कितनी उत्पादन क्षमता है। मगर मेरी मजबूरी है कि मैं वैस्ट बंगाल गवर्नमेंट के दिए हुए आंकड़ों से आगे या पीछे नहीं जा सकता। लेकिन जो हिसाब राम विलास पासवान जी का है उसके अनुसार इसमें तालमेल नहीं बैठता। इसलिए मैं उनकी बात मानता हूं। जब वे कहते हैं—नो रीस्ट्रिक्शन—तो हो सकता है कि किसी क्षेत्र को सिर्फ दो ही घण्टे बिजली मिलती हो। क्योंकि गांवों में जब हम ट्यूबवैल लगाते हैं...

ट्यूबवैल को चलाने के लिए 20 घंटे बिजली की जरूरत नहीं होती। जितनी देर खेत को पानी देना है सिर्फ उतनी देर ही बिजली चाहिए। हर वक्त एक सी नहीं चाहिए, अलग-अलग चाहिए।

बुनियादी बात के बारे में मैंने पहले ही कह दिया कि मुझे यह स्वीकार करने में कोई कठिनाई नहीं है कि हमारे देश के बहुत सारे हिस्सों में आर्थिक क्षेत्र में हमारे एसेसमेंट के मुकाबले वास्तविक आवश्यकता आगे पहुंच गई है। मैं यह मानता हूं कि बुनियादी तौर पर विकास और प्रगति के कामों के प्रति लोगों के मन में रुचि पैदा हुई। बुनियादी तौर पर हमारे लोगों का साइंटिफ़िक टैम्पर बना है, प्लान डैवलपमेंट के जरिए होने वाले फायदे, विकास के जरिए होने वाले फायदे साधारण नागरिक तक पहुंचे हैं। छोटे आदमी के मन में भी यह भूख पहुंची है कि साइंस, विज्ञान और प्रगति से जो फायदे होते हैं, उनको मैं हासिल करूं और उनका इस्तेमाल अपने समाज के विकास के लिए करूं। उससे हमें बहुत खुशी है। असल में उससे हतोत्साहित होने की कोई जरूरत नहीं है, बल्कि उससे हिम्मत बढ़नी चाहिए।

1947 के बाद जहां कुल 1500 के करीब गांवों में बिजली थी, आज पूरे देश के 50 प्रतिशत से अधिक गांवों में बिजली पहुंच गई है। 1947 के बाद 1300 मेगावाट की कुल उत्पादन क्षमता थी जो छठी योजना के अन्त तक 13 हजार मेगावाट उत्पादन की क्षमता होगी।

श्री राम विलास पासवान : बिजली पहुंची है कि पोल पहुंचे हैं ।

श्री आरिफ मोहम्मद खां : जब पोल पहुंचाये हैं तो बिजली पहुंचाने में भी दिलचस्पी होगी, लेकिन जब इतनी बिजली नहीं बन पाती तो इस पर विचार करना पड़ता है । बुनियादी तौर पर यह स्टेट गवर्नमेंट का सबजैक्ट है, केन्द्रीय सरकार को इसमें क्यों आना पड़ा, इसलिये ताकि हम प्रदेश सरकारों की मदद कर सकें और वह लोगों को बिजली पहुंचायें तथा बिजली का इस्तेमाल विकास और प्रगति के लिये हो ।

श्री राम विलास पासवान : मैंने दो सवाल किए थे । क्या आपने कोई योजना बनाई है, कोई व्हाइट पेपर निकालने जा रहे हैं कि 20-25 सालों में कितनी आवश्यकता होगी बिजली की और उसके लिए आप क्या करने जा रहे हैं ? और नेशनल ग्रिड व क्षेत्रीय ग्रिड के बारे में क्या करने जा रहे हैं ?

श्री आरिफ मोहम्मद खां : मैंने पहले ही बताया कि जैसे इलैवन्थ एनुअल इलेक्ट्रिक पावर सर्वे आफ इंडिया ने 5 साल के लिए आवश्यकताओं का अनुमान लगाया, एसेसमेंट किया था, इस वक्त जो 12वीं कमेटी है, वह उस पर कार्य कर रही है और अगले पांच वर्षों के लिए वह एक अनुमान लगा रहे हैं । हम 20 साल का अनुमान लगाने की कोशिश नहीं करते, इसलिए कि आवश्यकता में जो वृद्धि होती है, वह वर्तमान तजुर्बे के मुताबिक आगे पहुंच जाती है । लेकिन सातवीं योजना के अन्त तक हमारा अनुमान है कि हमारे पास उत्पादन क्षमता 70 हजार मैगावाट की होगी । यह शताब्दी पूरी होते-होते हमें उम्मीद है कि 1 लाख 20 हजार मैगावाट की क्षमता होगी ।

दूसरी बात आपने रीजनल ग्रिड और नेशनल ग्रिड के बारे में पूछी है ।

SHRI E. BALANANDAN (Mukunda Puram) : Now the projection is not upto that. The target now set forth in the Seventh Five Year Plan does not come to that. It is less than one lakh.

SHRI ARIF MOHAMMAD KHAN ; That is what I have submitted. I have not said even 80. I have said only 70. That is what I have said.

मैंने बताया कि रीजनल इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड पहले से ही बने हुए हैं, लेकिन दूसरा प्रपोजल है कि इसको रीजनल इलेक्ट्रिसिटी अथारिटी बनाया जाये ।

इस समय जो रीजनल इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड बने हुए हैं, उनके पास कोई कानूनी अधिकार नहीं है जिससे वह उस क्षेत्र में आने वाले राज्यों को इस बात के लिए बाध्य कर सकें कि आपको इतनी बिजली लेनी है, इतनी बिजली दूसरे राज्यों को देनी है जो कि उस क्षेत्र में पैदा होने वाली है । उनके पास इस तरह का कोई कानूनी अधिकार नहीं है ।

इसीलिए बार-बार राजाध्यक्ष कमेटी की बात होती है । इसीलिए हमारे मन्त्रालय से सम्बद्ध सलाहकार समिति की भी यह राय है कि पावर को सेन्ट्रल लिस्ट में ले लिया जाना चाहिए । लेकिन जब राज्यों के ऊर्जा मन्त्रियों की बैठक हुई, तो राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों ने…

श्री इन्द्रजीत गुप्त : विद्रोह कर दिया ।

श्री आरिफ मोहम्मद खां : मैं उसको विद्रोह नहीं कहूंगा । उन्होंने इससे सहमति व्यक्त नहीं की और इसका उनको अधिकार है । सरकार के सामने दो मत हैं । हमारी कोशिश यह है कि इस व्यवस्था को ज्यादा संगठित और सुदृढ़ किया जाए । मैनेजमेंट को ज्यादा अच्छा बनाया जाए और शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में, औद्योगिक तथा कृषि के क्षेत्र में, जहां भी

बिजली की जरूरत है, उसको ज्यादा बेहतर तरीके से सुनिश्चित किया जाए।

इसलिए बार-बार नेशनल ग्रिड पर जोर दिया गया है। हम राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों, ऊर्जा मन्त्रियों के सामने यह सुझाव लेकर गए थे। राज्य सरकारों के अधीन जो बिजली-उत्पादन के कारखाने आते हैं, उनको छोड़िए, अब तो यह भी मसला है कि कोलियरी पिटहैड्ज पर केन्द्र सरकार के जो सुपर थर्मल पावर स्टेशन्ज हैं, चूंकि उनके लिए ज्यादा कोयला चाहिए, इसलिए उस क्षेत्र में पड़ने वाले दूसरे राज्यों के पचास या सौ मैगावाट के कारखानों के छोटे-छोटे प्रोपोजल भी प्रभावित हुए हैं।

इसके अलावा जिस राज्य में सुपर थर्मल पावर स्टेशन लगा है, उसी क्षेत्र के दूसरे राज्यों से ये शिकायतें आ रही हैं कि उस पावर स्टेशन से हमारा हिस्सा हमें नहीं मिल रहा है। माननीय सदस्य कह रहे हैं कि कहां कितना उत्पादन हो रहा है। लेकिन केन्द्रीय सरकार के बिजली के कारखानों में उस क्षेत्र में पड़ने वाले सभी राज्यों का हिस्सा है और वह उन्हें मिलना चाहिए। मिसाल के तौर पर कर्नाटक और गोआ से शिकायत आई है कि आंध्र प्रदेश उनको उनका हिस्सा नहीं लेने दे रहा है और उनको वहां पर सुपर थर्मल पावर स्टेशन से बिजली नहीं मिल रही है। जिन राज्यों में हमारे सुपर थर्मल पावर स्टेशन हैं, आपके माध्यम से मैं उनकी सरकारों से अपील करना चाहता हूं कि वे यह सुनिश्चित करें कि दूसरे राज्यों का जो हिस्सा है, वह उनके पास पहुंचे।

समस्या यह है कि ट्रांसमिशन लाइन उस राज्य सरकार की है, स्टेशन हमारा है, लेकिन हम किसी तरह भी उन्हें बाध्य नहीं कर पा रहे हैं। उनको डिसिप्लिन करने का तरीका यह है कि हम उत्पादन को गिरा दें। लेकिन यह राष्ट्रीय हित में नहीं होगा। इसलिए हम यह नहीं करना चाहते हैं।

(व्यवधान)

अगर आप हमारी स्थिति में होते तो आप कर सकते थे। हम यह काम नहीं करेंगे, भले ही सहमति न हो।

SHRI E. BALANANDAN : The controversy can be settled in this way. The Central Electricity Authority is now controlled by the Central Government. If you give representation to the State Electricity Boards in the Central Electricity Authority, it will become federal and the whole thing can be discussed there, so that the controversy will be settled. Can you consider this proposition ?

SHRI ARIF MOHAMMAD KHAN : The Central Electricity Authority is not supposed to resolve these disputes. This is about the share of various States in the Super Thermal Power Station. The Central Electricity Authority basically gives expert advice, technical advice, on setting up of thermal Stations. What share which State Government will have in a particular Super Thermal Power Station is always determined according to a national formula which has been evolved on the basis of a consensus. So, the Central Electricity Authority is not involved in this matter.

इसलिए हमारा प्रयास है और पासवान जी यदि सहायता दें, उन राज्य सरकारों पर अपने प्रभाव का इस्तेमाल करें तो हम इस बात के लिए बहुत उत्सुक हैं कि नेशनल ग्रिड को मजबूत किया जाए जिससे कि पूरे देश में इस बात को सुनिश्चित किया जा सके कि सभी जगह ठीक प्रकार से बिजली मिले।

MR DEPUTY SPEAKER : Now, Mr. Harikesh Bahadur.

The rule is that a Member will put one question. It says, "Any member who has previously intimated to the Speaker may be permitted to ask a question for the purpose of further elucidaton of and matter of facts."

SHRI HARIKESH BAHADUR : I do not know why you did not read this rule at the first instance.

MR. DEPUTY SPEAKER : He was the first Member. You can put only a new thing.

श्री हरिकेश बहादुर : माननीय उपाध्यक्ष जी, माननीय ऊर्जा राज्य मंत्री हमारे मित्र हैं लेकिन वे जो दावा कर रहे हैं उसको पूरी तरह से मान लेना हमारे लिए सम्भव नहीं है। वे स्वयं इस बात को जानते हैं कि देश में बिजली का एक भीषण संकट है। मैं जिस राज्य से आता हूं उसी राज्य से वे भी यहां पर आते हैं और वे जानते हैं कि खासतौर से किसानों को बिजली के कितने बड़े संकट का सामना करना पड़ रहा है। यद्यपि राज्य सरकार बार-बार इस बात को कहती है कि गांवों में सात-आठ या दस घंटे बिजली की सप्लाई प्रतिदिन की जाती है लेकिन वास्तविकता यह है कि यदि एक सप्ताह में भी सात-आठ घंटे भी बिजली मिल जाए तो हम समझेंगे कि राज्य सरकार जो प्रतिदिन की बात कहती है वह प्रतिदिन नहीं प्रति हफ्ते के हिसाब से है। खासतौर से मैं जिस गोरखपुर जिले से आता हूं वहां पर बिजली का भीषण संकट है। उसकी ओर बार-बार राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट किए जाने के बावजूद राज्य सरकार की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

जहां तक बिजली बोर्डों के कार्यकलापों का सवाल है, यह अलग बात है कि वह सीधे तौर पर केन्द्रीय सरकार के अधीन नहीं है लेकिन आप राज्य सरकारों का ध्यान आकृष्ट कर सकते हैं और उन पर दबाव भी डाल सकते हैं। वैसे हथकण्डे तो कई हैं, आपने सरकारें भी भंग की हैं लेकिन उस बात के लिए तो मैं नहीं कहूंगा क्योंकि दूसरे तरीके भी हैं जिनके द्वारा राज्य सरकारों पर दबाव डाला जा सकता है। आज बिजली बोर्डों में जो घोर भ्रष्टाचार व्याप्त है उसको आप जब तक नियंत्रित नहीं करेंगे तब तक इस समय जनता के सामने जो विद्युत संकट है, उसका समाधान नहीं हो सकेगा।

कोयले की खराबी के कारण जो थर्मल पावर प्लान्ट्स हैं वह ठीक प्रकार से काम नहीं कर सकते हैं। एक कारण तो यह है कि कोयले में एश कन्टेन्ट बहुत है और उस कोयले को जब ब्वायलर में इस्तेमाल किया जाता है तो कैलोरिफिक वैल्यू कम होती है जिसके परिणाम-स्वरूप जिस क्षमता से बिजली का उत्पादन होना चाहिए वह नहीं होता है। साथ-ही-साथ ब्वायलर भी खराब होते हैं।

इसलिए मेरा प्रश्न यह है क्या सरकार की ओर से कोयले का कोई परिष्कृत रूप लाने की कोशिश की जा रही है, क्या इसके लिए सरकार के सामने बड़े पैमाने पर कोल वाशरीज स्थापित करने की कोई योजना है ताकि परिष्कृत और संशोधित कोयला पैदा किया जा सके और उसका इस्तेमाल बिजली घरों में किया जा सके ? इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के दो बड़े विद्युत संगठनों—हरदुआगंज और ओबरा में भीषण अग्निकाण्ड हुए जिनमें सैकड़ों करोड़ का नुकसान हुआ। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण चीज हुई है, सारा देश इसको जानता है और सरकार ने भी इस सम्बन्ध में कुछ कार्यवाही की है लेकिन आज तक पता नहीं चला, ठीक ढंग से कि किन की लापरवाही से इतने भीषण अग्निकाण्ड हुए जिनमें सैकड़ों करोड़ का नुकसान हुआ। इस प्रकार जो गड़बड़ी करने वाले लोग हैं, उनको कठोरतम सजा देने की व्यवस्था करनी चाहिए। लेकिन यह सुनिश्चित हो जाना चाहिए कि वह किसकी गड़बड़ी की वजह से हो गई। पता लगा है कि कुछ अधिकारियों के आपसी झगड़े में किसीको बदनाम करने के कारण हुई है। यह तो देशद्रोहजैसी बात हुई और उसके लिए उसको कड़ा दंड देना चाहिए। इस सम्बन्ध में क्या

कार्यवाही की जा रही है, उस पर मंत्री जी को प्रकाश डालना चाहिए।

बिजली में अचानक कटौती की वजह से लोगों को काफी नुकसान होता है। ऐसे तमाम नवयुवक जो बैंकों से कर्जा लेकर छोटा-मोटा कारखाना लगाते हैं, उनको हर महीने पैसा देना पड़ता है, बैंकों से लिए कर्ज पर उनको ब्याज देना पड़ता है, तो उनको कठिनाई होती है। कारखाने में जो मजदूर काम करते हैं, बिजली के अचानक चले जाने से उनको उन मजदूरों की मजदूरी तो देनी ही पड़ती है, इसकी वजह से भी उनको नुकसान होता है। इस प्रकार की प्रक्रिया को रोकने की कोशिश करनी चाहिए। यदि बिजली की आपको कटौती करनी ही है तो उसकी घोषणा पहले से होनी चाहिए कि इस समय से इस समय तक बिजली नहीं रहेगी। मैं आपको इसके बारे में एक व्यक्ति ने मुझसे कहा और कई बार हम लोगों ने अखबारों में पढ़ा है कि इस प्रकार की परेशानी है।

भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स के बारे में पासवान जी ने भी कहा है कि उनके इक्वीपमेंट काम में लाए जा सकते हैं। लेकिन इस दिशा में कोई दिलचस्पी नहीं ली जाती है। भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स के इक्वीपमेंट इस्तेमाल न करके बाहर से सामान मंगाया जाता है, जिस पर देश को विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। कमीशन की वजह से हो या कोई और कारण भी हो सकता है। इसको तो मंत्री जी ही बतायेंगे। गलत बिल देने की प्रवृत्ति भी है, इस पर अंकुश होना चाहिए। आज कल यदि किसी का बिल पचास रुपये आता है तो उसका 800 या 1000 रुपये आता है, जबकि आपके यहां इंजीनियर लोग सिर्फ पौने तीन रुपये ही देते हैं।

हाइड्रो इलैक्ट्रिक पावर के बारे में भारत 1983 में कहा गया है—जल तथा विद्युत आयोग ने 1953-58 में मूल्यांकन से पता चला कि देश में 260 पन योजनाओं के जरिए कुल ढाई करोड़ किलोवाट बिजली अविरल रूप से प्राप्त की जा सकती है। तकनीकी प्रगति और विद्युत प्रणालियों की स्थिति परिवर्तन के कारण देश में पन-बिजली क्षमता की केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा समीक्षा की जा रही है और प्रारंभिक अनुमानों के अनुसार देश की पन-बिजली क्षमता 75,000 मैगावाट आंकी गई है। यह तो आपने क्षमता आंकी है। उसके बाद आप फिर कहते हैं—अनेक पन-बिजली परियोजनाओं पर काफी काम हो चुका है और अगले कुछ समय के दौरान पूरी होने वाली है। वर्ष के दौरान 10,427 मैगावाट क्षमता वाली 114 पन-बिजली परियोजनाओं का अध्ययन किया गया। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि इस समय 15 मैगावाट तक की स्थापित क्षमता वाली 103 अल्प/छोटी पन-बिजली योजनायें चल रही हैं, जिनकी कुल स्थापित क्षमता 150 मैगावाट है। आप 75 हजार मैगावाट पा सकते हैं जबकि आप 150 मैगावाट प्राप्त कर रहे हैं। जब इतनी बड़ी कैपेसिटी है, तो उसका आपको इस्तेमाल करना चाहिए। ताकि बिजली का जो संकट व्याप्त है, वह दूर हो सके। पता नहीं आपने क्यों कुल आवश्यकता 156 बिलियन यूनिट ही समझी है, जबकि यह बहुत अधिक है।

SHRI SUDHIR GIRI (Contai): Mr. Deputy Speaker, Sir, electricity constitutes a vital aspect in every economy. In the U.S.S.R. after the Socialist revolution in 1917, Lenin gave top priority to the power generation. Although we achieved freedom in 1947, our government at the Centre could not make a master plan to give top priority to the power generation in the country. That is why we face so much power shortage in all parts of our country. I think the Government would certainly be awakened to the present critical position in regard to power generation in the country and would definitely adopt a suitable project to generate power to the tune as the demand

is in the country. Different States and their Electricity Boards are trying level best to generate electricity. But the Central Electricity Authority is creating hindrance thus retarding the progress of power generation . I may just give an example of West Bengal.

The Central Electricity Authority have fixed the would-be demand of electricity in 1990-95 for West Bengal and the State Electricity Board also has assessed the position and they have jointly come to the conclusion that if the rate of generation of power goes on in this way, then in 1990-95 the total demand of the State would not be met at all. So, the State Electricity Board has prepared a project report for an establishment of thermal power station at Bhadreshwar in the district of Bhir Bhum This thermal power station would consist firstly of three units of 210 MW each and five units of 200 MW each. In the meetings held at Calcutta and in Delhi, the Secretary, (Power) as well as the Chairman, Central Electricity Authority promised that the project would be cleared very soon. We understand that the Government is going to include this project most probably in the 8th Plan and not in the Seventh Plan and there is also a rumour that the Government may instal a NTPC Thermal Power Station in Bhir Bhum district. If that be so, then it would be a marginal benefit to the West Bengal people. So, the State Government considers it fit that if the power station proposed by the State Electricity Board is installed at Bakreshwar; it would help the State to a great extent. So, in view of this, I would like to know from the Hon. Minister whether this project would be included in the Seventh Plan and whether adequate finance would be provided to this project.

The second part of my question is that a number of hydro-electric power plants are proposed to be set up in the various parts of our country.

In so far as West Bengal and the eastern region of the country are concerned, if the hydro-electric projects are undertaken in the north-eastern region, it would help a lot to the people of the north-eastern region, West Bengal and Assam. I would like to know from the Minister, whether he proposes to install more hydro-electric plants in the north-eastern region of the country.

The State Electricity Boards face different problems because of the non-clearance of their proposals by the Central Electricity Authority. I would like to know from the Hon. Minister whether he proposes to amend the Electricity Act of 1948 so that the State Electricity Boards can undertake projects to the tune of atleast five crores without prior concurrence of the Central Electricity Authority.

The indigenous equipment supplied to the Santhaldih plant in West Bengal has been found defective. Such defective equipments have also been supplied to Kolaghat project. I do not suggest that you import equipment from abroad; I only suggest that the Ministry should take measures to ensure manufacture of good quality indigenous equipment, so that such a situation does not arise. I would like to know whether the Minister would accept my proposal.

Further, if a Power Finance and Development Corporation is set up in the country, it would finance the State Electricity Boards. I propose that a Power Finance and Development Corporation should be constituted with the Authority of financing the State Electricity Boards. May I know whether the Minister would accept my proposal ?

Lastly, it has been noticed that the supply of poor quality coal to the various power plants has been doing a lot of damage to the plant machinery. If the matter is taken up with the Railway authorities in all seriousness, arrangements for supply of good quality coal for this purpose can be ensured. May I know whether the Minister would take up the matter with the Railway Ministry to ensure supply of good quality coal to the power plants.

प्रो अजीत कुमार मेहता (समस्तीपुर): मंत्री जी ने थोड़ी देर पहले विशेषज्ञों के बारे में कहा था। आपका जो कहना है, उसको मैं

समझ सकता हूं। मुझे आपके विशेषज्ञों की विशिष्टता को सुनकर बड़ा आश्चर्य हुआ और उनके एसेसमेंट की जानकारी प्राप्त करके ऐसा ही लगा जैसे कि एक गणित के विशेषज्ञ थे। वे अपने परिवार के साथ नदी पार कर रहे थे और उन्होंने नदी की औसत गहराई दो फीट निकाली और नदी पार करने लगे। वे तो नदी पार कर गए लेकिन उधर देखते हैं कि उनके कुनबे का कोई भी व्यक्ति बाकी नहीं बचा। तब उन्होंने कहा कि लेखा-जोखा पूरा तो कुनबा कैसे डूबा।

जो बातें कही जा चुकी हैं उनको दोहराना मैं आवश्यक नहीं समझता। मैं आपसे जानना चाहूंगा कि आपने जो हाइडल प्रोजेक्ट्स की बात कही है, आपके जो हाइडल प्रोजेक्ट्स हैं उनसे आपकी कितनी बिजली की आपूर्ति हो सकती है? आपके हाइडल प्रोजेक्ट्स के बारे में कठिनाई यह है कि वे मानसून पर निर्भर करते हैं। अगर उनके जलाशयों में पानी जमा हो जाता है तो वे अपनी क्षमता के अनुसार बिजली पैदा कर देते हैं, पानी जमा न होने पर उनकी क्षमता बेकार हो जाती है। क्या आप इन बड़े-बड़े हाइडल प्रोजेक्ट्स के बजाय छोटे-छोटे हाइडल प्रोजेक्ट्स बनाने पर विचार कर रहे हैं?

मैं यह भी जानना चाहूंगा कि राजाध्यक्ष समिति के जो प्रतिवेदन हुए हैं उनके बारे में हाल ही में राज्यों के ऊर्जा मंत्रियों की बैठक हुई थी जिससे इस पर काफी मतभेद रहे। उन मतभेदों को दूर करने की दिशा में और कोई निर्णय लेने की दिशा में आपका क्या प्रयास है? आप उसमें कहां तक सक्षम हुए हैं?

ग्रिड स्कीम के बारे में आपने कहा लेकिन अभी पिछले दिनों हमने देखा कि इस सिस्टम के दोषों के कारण सारे उत्तर भारत में बिजली चली गई और अंधकार फैल गया। ग्रिड सिस्टम के जहां अपने गुण हैं, वहां दोष भी। एक लाईन में दोष उत्पन्न होने से दूसरी लाईन में भी दोष आ जाता है। उसी के कारण सारे उत्तर भारत में अंधकार फैल गया। इसको दूर करने के आप क्या उपाय सोच रहे हैं?

बिजली के संयंत्रों में खराब कोयले की आपूर्ति के कारण बिजली का उत्पादन कम होता है। बिजली विभाग का यह कहना है कि हमें साफ कोयले की आपूर्ति हो। उन्होंने एक वक्तव्य भी दिया था। लेकिन कोल इंडिया के अध्यक्ष का अभी हाल में दूसरा वक्तव्य आया है कि बिजली के कारखानों को अच्छे कोयले की आपूर्ति की गई है। सरकारी विभागों के वक्तव्यों में इस विरोधाभास का आपके पास क्या स्पष्टीकरण है? यह मैं जानना चाहूंगा।

परम्परागत स्रोतों और गैर-परम्परागत स्रोतों दोनों से बिजली उत्पन्न हो सकती है। गैर-परम्परागत स्रोतों से बिजली प्राप्त करना हमारी आवश्यकताओं के लिए कितना सहायक हो सकता है इसके बारे में आप बताएं? इसके बारे में आपने क्या सोचा है और क्या उपाय किये हैं?

श्री चन्द्रपाल शैलानी (हाथरस) : माननीय सभापति जी, जैसे-जैसे समय की गति का पहिया बढ़ता जाता है, वैसे ही हमारी आवश्यकताएं भी आगे बढ़ती जाती हैं। उन्हें पूरा करने के लिए बिजली की उसमें अहम भूमिका है हमारा देश गरीब है, पिछड़ा है, हमारे साधन सीमित हैं फिर भी बिजली के क्षेत्र में हमने काफी प्रगति की है। इसके लिए मैं सरकार को बधाई देना चाहता हूं।

लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि इसमें सुधार की कोई गुंजाइश नहीं है। बिजली की कमी के कारण औद्योगिक क्षेत्र में,

कृषि के क्षेत्र में और अन्य क्षेत्रों में काम काफी प्रभावित हो रहे हैं। मैं मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि हमारे बिजली के जितने भी स्रोत हैं, जितने भी प्राकृतिक स्रोत हैं उनका उपयोग करने के लिए निकट भविष्य में क्या प्रभावी और कारगर कदम उठाये जा रहे हैं ?

देश में इस समय जितने बिजली गृह हैं, पब्लिक सेक्टर में और प्राइवेट सेक्टर में, इनमें किस क्षेत्र में हमारी उत्पादन क्षमता बेहतर है।

इसके साथ-ही-साथ में यह निवेदन करना चाहता हूं कि आमतौर पर यह देखा गया है कि बिजली उत्पादन गृहों में आगजनी तोड़-फोड़ और चोरियों की घटनाएं होती रहती हैं। जैसे पिछले साल ओबरा बिजली गृह में आग लगने से पूरा उत्तर प्रदेश अंधकार में डूब गया। इसी प्रकार मेरे जिले के कासिमपुर पावर हाऊस में भी इसी तरह की घटनाएं घटीं। ये देखने की आवश्यकता है कि ये घटनाएं क्यों होती हैं। क्या जानबूझ कर तो ये घटनाएं नहीं कराई जातीं ? इस संबंध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है और संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ क्या कार्यवाही की है, इस संबंध में सदन को अवगत कराएं।

मेरे प्रश्न का अन्तिम भाग है जो लीक से ज़रा हटकर है लेकिन देश के और किसानों के हित में है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्यप्रदेश के बहुत से भागों में आज सुखा पड़ रहा है। जिसके कारण किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं। मैं जानना चाहता हूं कि क्या उनका विभाग इसके लिए कुछ कर रहा है। इस क्षेत्र में नल कुपों को विशेष रूप से बिजली देने की कोई व्यवस्था की जा रही है जिससे किसानों की रोपाई का काम पूरा हो सके ? इन शब्दों के साथ में अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री आरिफ मोहम्मद खां : सभापति जी, जितने प्रश्न माननीय सदस्यों द्वारा उठाए गए हैं, राम विलास पासवान जी के प्रश्नों सहित तकरीबन सभी के ऊपर कुछ-न-कुछ कह चुका हूं। जो छूट गए हैं, उनके बारे में निवेदन किए देता हूं। जो प्रोजेक्ट्स के बारे में या विशेष समस्याओं के बारे मे पूछा गया है, उसके बारे में मैं समझता हूं कि थोड़ा अग्रिम सूचना की आवश्यकता होती है। जैसा कि माननीय गिरि जी ने वैस्ट बंगाल के कुछ प्रोजेक्ट्स के बारे में पूछा है। इस वक्त मेरे पास सूचना उपलब्ध नहीं है। इसलिए मैं उनको बाद में सूचना उपलब्ध करा दूंगा।

एक बात खासतौर से छूट गई थी, पासवान जी ने क्वालिटी आफ कोल के बारे में पूछा था। इसके बारे में सभी माननीय सदस्यों ने चिंता व्यक्त की है। यह बात भी तभी है कि बिजली बोर्डों की तरफ से एक ज्ञापन भी दिया गया है जिसके बारे में क्वालिटी के बारे में शिकायत की गई है और जैसा मेहता जी ने कहा कि कोल इंडिया के चेयर मैन ने स्टेटमेंट दिया है मैं इन परस्पर विरोधी बयानों में नहीं जाना चाहता। इस बारे में विभाग ने चिंता व्यक्त की है और कोयले की क्वालिटी को बेहतर करने के लिए हम निरंतर कोल इंडिया के अधिकारियों से संपर्क बनाए रहते हैं। उन पर जोर डालते हैं क्योंकि इनका असर प्लांट लोड फैक्टर पर पड़ता है। उत्पादन इस बात पर निर्भर करता है कि किस क्वलिटी का कोयला इस्तेमाल हो रहा है। मुझे खुशी है कि कोल इंडिया के कोयले से संबंधित अधिकारियों ने सहमति व्यक्त की है कि अब जाइंट इंस्पेक्शन विद्युत विभाग और कोयला विभाग के अधिकारी करेंगे। पहले यह व्यवस्था नहीं थी। वे मिलकर कोयले की क्वालिटी देखेंगे और कोल प्लांट, वाशरीज और अन्य यंत्र देखेंगे जिनसे ये सुनिश्चित किया जा सकेगा कि अच्छी

क्वालिटी का कोयला विद्युत यूनिटों को उत्पादन करने के लिए भेजा जाए। मैं समझता हूं कि इससे निश्चित ही स्थिति में सुधार आएगा और अच्छा कोयला उपलब्ध होगा।

SHRI HARIKESH BAHADUR : *rose*

MR. CHAIRMAN : My Minister, you please continue your reply. Don't yield.

MR. CHAIRMAN : Not to be recorded.

(*Interruptions*)

श्री आरिफ मोहम्मद खां : अगर किसी बात के लिए मुझे अग्रिम सूचना दी जायेगी तो मैं अवश्य उसका जवाब दूंगा। हरिकेश जी और पासवान जी ने प्लांट लोड फैक्टर के बारे में प्रश्न उठाए थे। उस वक्त मुझे ध्यान नहीं रहा लेकिन अब उसके बारे में बता देना चाहता हूं। असल में वह कम होना उस वक्त शुरू हो गया था, अब आप लोग इधर आकर बैठ गए थे। 1974-75 में 52.5 प्रतिशत, 1975-76 में 52.1 प्रतिशत, 1976-77 में 55.9 प्रतिशत, 1977-78 में 51.4 प्रतिशत, 1978-79 में 48.3 प्रतिशत, 1979-80 में 44.7 प्रतिशत, 1980-81 में 44.6 प्रतिशत। 1981-82 से स्थिति में सुधार आना शुरू हुआ। 1982-83 में 49.8 प्रतिशत, 1983-84 में 47.9 प्रतिशत और 1984-85 के लिए हमने जो लक्ष्य निर्धारित किया है, वह पचास प्रतिशत है। कई चीजें हैं जिनको कंसीडरेशन में लेना पड़ेगा। मिसाल के तौर पर 1980 के बाद लगने वाले नए कारखाने, जिनको स्टेबिलाइज होने में थोड़ा समय लगता है, फौरन उतना प्लांट लोड फैक्टर नहीं देते जितना कि स्टेबिलाइज होने के बाद देते हैं। उसके बाद कई और कारण हैं। राज्य सरकारों को भी हम बार-बार लिखते हैं कि प्लांट लोड फैक्टर को बेहतर किया जाए और ज्यादा अच्छे तरीके से बिजली उपलब्ध करायी जाए। थोड़ी देर पहले मैंने ग्रामीण विद्युतीकरण के बारे में कहा था कि वह पचास प्रतिशत हो गया है, वह सही नहीं था। सही यह है कि 60.7 प्रतिशत हो गया है और 53.62 लाख पम्प सैटों को एनरजाइज्ड किया गया है।

श्री राम विलास पासवान : खराब कितने हैं ?

श्री आरिफ मोहम्मद खां : यह मेरी जिम्मेदारी नहीं है। अगर खराब हैं तो ठीक करने वाले को बुलाकर ठीक कराए जाने चाहिए।

ग्रामीण विद्युतिकरण माननीय प्रधान मंत्री जी के बीस-सूत्री कार्यक्रम का एक हिस्सा है। उस पर हम खासतौर पर ध्यान दे रहे हैं। हमारा यह निश्चित मत है कि जब तक हम गांवों में विद्युत नहीं ले जाते तब तक जो विकास की कल्पना है, वह पूरी नहीं होगी। 75 प्रतिशत जगह पर बिजली पहुंच गई है। थर्मल यूनिट के मुकाबले में पन-बिजली के जो यूनिट होते हैं, उनके बनने में ज्यादा समय लगता है। हमारी आवश्यकता की इतनी तेजी के साथ वृद्धि हुई कि हमें उन यूनिट्स की तरफ ध्यान देना पड़ा जो जल्दी कमीशन हो जाती है। मैं समझता हूं हमारे पास 75 हजार नहीं बल्कि 80 हजार मैगावाट से ज्यादा पन-बिजली उत्पादन की क्षमता है।

पहले भी मैंने अपने मंत्रालय की मांगों पर चर्चा में भाग लेते हुए यही निवेदन किया था कि अगली पंचवर्षीय योजना में हम पन-बिजली पर ट्रांसमिशन सिस्टम पर ज्यादा जोर देने

**Not recorded.

जा रहे हैं। हमारी कोशिश यही है कि इसका संतुलित विकास हो सके।

गिरि जी ने कुछ प्रोजैक्ट के बारे में बताया। किसी पर्टिकूलर प्रोजैक्ट के बारे में यदि आप कोई जानकारी चाहते हैं, तो वह मैं आपको दिलवा दूंगा। लेकिन वैस्ट बंगाल में मिसाल के तौर पर कोलाघाट परियोजना को ही ले लीजिए, जिसमें 210 मैगावाट की तीन यूनिट्स लगनी हैं। इस परियोजना की स्वीकृति 1973 में दी गई और उस समय इसकी कमीशन की डेट 1978-79 रखी गई थी। लेकिन अभी तक वह कमीशन नहीं हो सकी है। ऐसा लगता है शायद 1985-86 तक कमीशन हो पाये। एक दूसरी परियोजना सांतालदीह है जो 120 मैगावाट की है। उसकी सेंक्शन 1968 में दी गई, कमीशन होनी थी 1975-76 में, लेकिन कमीशन हुई 1980-81 में। इसलिए जो पहले से स्वीकृत परियोजनायें हैं, उनको ओरिजिनल डेट्स पर कमीशन करवाने के लिए आप अपनी सरकार को क्यों नहीं कहते। मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि इन्हें वहां इस प्रश्न को उठाना चाहिए कि वैस्ट बंगाल सरकार उन परियोजनाओं पर ध्यान दे। वहां तो कई साल से आपकी सरकार है और इस बीच में तो सारी परियोजनाओं को उसे पूरा कर लेना चाहिए था। जहां तक दूसरी परियोजनाओं का आपका प्रस्ताव है, हम उनको भी जल्दी-से-जल्दी स्वीकृति देने की कोशिश करेंगे। लेकिन कोल लिंकिंग वगैरह की व्यवस्था को भी हमें देखना पड़ता है। लेकिन पहले से स्वीकृत योजनाओं को तो आप पूरा करवाइये।

आपने 5 करोड़ की सीमा के बारे में भी कहा। उसके सम्बन्ध में इस सदन से और दूसरे सदन राज्य सभा से पहले ही स्वीकृति ले ली गई है और बहुत जल्द ही वह कानून बन जाएगा। पावर फाईनैंस कार्पोरेशन के बारे में भी हम कह चुके हैं कि यह प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है।

18.51 hrs.

PAPERS LAID ON THE TABLE

Notifications under Central Excise Rules 1944 and Customs Act, 1962

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI S. M. KRISHNA): I beg to lay on the Table :—

(1) A copy each of Notification Nos. 165/84-CE to 190/84-CE (Hindi and English versions) published in Gazette of India dated the 1st August, 1984 together with an explanatory Memorandum notifying effective rates of duty for Copper, Zinc, Aluminium and lead and their products falling under the revised Item Nos. 26A, 26B 27 and 27A of the Central Excise Tariff, issued under the Central Excise Rules, 1944.

[*Placed in Library. See No. LT-8511/84.*]

(2) A copy each of the following Notifications (Hindi and English versions) under section 159 of the Customs Act, 1962 :—

(i) Notification No. 209/84-Customs published in Gazette of India dated the 1st August, 1984, together with an explanatory memorandum prescribing effective rates of additional duty of customs on aluminium and products thereof.

(ii) Notification Nos. 210/84-Customs published in Gazette of India dated the 1st August, 1984 together with an explanatory memorandum exempting components of fuel efficient two-wheeled motor vehicles in excess of the basic customs

duty of 25 per cent *ad valorem* and from the whole of the additional duty (countervailing duty) and auxiliary duty of customs in excess of 15 per cent *ad valorem* leviable thereon when imported by a manufacturer of such vehicles for the purpose of providing warranty coverage or after sale service to their customers.

(iii) Notification No. 212/84-Customs published in Gazette of India dated the 1st August, 1984 together with an explanatory memorandum making certain amendment to Notification No. 6/84-Customs dated the 10th January, 1984 so as to allow the exemptions contained therein upto 31st March, 1989.

[*Placed in Library. See No. LT-8511/84*]

MR. CHAIRMAN : The House stands adjourned till 11 O'clock tomorrow.

18.52 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleventh of the Clock on Thursday, August 2, 1984/Sravana 11, 1906 (Saka).